ANNUAL REPORT 2016-17

भारतीय जन संचार संस्थान

INDIAN INSTITUTE OF MASS COMMUNICATION

Aruna Asaf Ali Marg, JNU New Campus
New Delhi - 110067

DG IIMC presenting a special memento to the Chief Guest Shri M Venkaiah Naidu, Hon'ble Union Minister for Information and Broadcasting during IIMC 49th Convocation.

General (Dr) V. K. Singh (Retd), Hon'ble Minister of State for External Affairs graced the Valedictory Function as Chief Guest for the 66th Batch of Diploma Course in Development Journalism in November 2016

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2016-17

भारतीय जन संचार संस्थान

वर्ष 2016-2017 की वार्षिक रिपोर्ट

प्रस्तावना

भारतीय जन संचार संस्थान (आई आई एम सी) का पंजीकरण सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम (21) 1860 के तहत हुआ था। इसकी स्थापना 17 अगस्त 1965 को पत्रकारिता, मीडिया और जन संचार के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के मूलभूत लक्ष्यों की पूर्ति हेतु हुई थी।

संस्थान की शुरुआत के समय इसमें निदेशक के अलावा चार प्राध्यापक और यूनेस्को (संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन-UNESCO) का एक परामर्शदाता शामिल था। इतने छोटे आकार और कम सदस्यों वाले इस संस्थान ने शुरुआती दौर में राज्य एवं केंद्र सरकार के सूचना सेवा अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। कोलंबो योजना के तहत कुछ विदेशी प्रशिक्षुओं को भी इन प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया गया। इसके अलावा संस्थान लघु स्तर पर शोध अध्ययन के क्षेत्र में भी सक्रिय रहा है।

अपनी स्थापना के मूल लक्ष्य ''केंद्र और राज्य सरकारों के सूचना और प्रचार कर्मियों को और सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के उद्योगों की सूचना एवं प्रचार संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु शोध और प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराना'' की पूर्ति हेतु हुई थी। संस्थान ने गत 52 वर्षों में आधुनिक युग में तेज़ी से विस्तृत होते हुए तथा परिवर्तनशील मीडिया उद्योग की विविध एवं अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अनेक विशेष पाठ्यक्रमों की शुरुआत और उनका सफल प्रबंधन किया है।

31 मार्च, 2017 की स्थिति को सामने रखा जाए तो आज भारतीय जन संचार संस्थान भारतीय सूचना सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के अलावा प्रिंट मीडिया पत्रकारिता में हिंदी, अंग्रेज़ी, उर्दू और ओडिया भाषा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करता है। इसके अलावा संस्थान रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों का संचालन करता है।

संस्थान 1969 से ही भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में अफ़्रीकी, एशियाई, लातीन अमरीकी और पूर्वी यूरोपीय देशों के मिड कैरियर श्रमजीवी पत्रकारों के लिए विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का आयोजन कर रहा है। यह जिन विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत किया जा रहा है वह हैं:- भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आई टेक-ITEC), विशेष राष्ट्रमंडल अफ़्रीकी सहायता योजना (स्काप-SCAAP) तथा कोलंबो योजना के तहत तकनीकी सहयोग योजना (टी सी एस -TCS) कार्यक्रम।

संस्थान केंद्र और राज्य सरकारों तथा सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के मीडिया, प्रचार और प्रचालन से जुड़े विभिन्न संगठनों में कार्यरत संचार कर्मियों की प्रशिक्षण संबंधी निरंतर बढ़ती हुई आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु एक सप्ताह से चार सप्ताह तक की अवधि के विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। इसमें ख़ास तौर से सेना और पुलिस के अधिकारियों के लिए संचालित किए जाने वाले कोर्स शामिल हैं। संस्थान प्रशिक्षण, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं इत्यादि के आयोजन में विविध राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से भी सहयोग करता है तथा संयुक्त शोध परियोजनाओं पर भी कार्य करता है।

हाल में जन संचार के क्षेत्र में काफी तेजी से कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं और ये निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले और उसमें अहम भूमिका निभाने वाले कारक के रूप में उभरे हैं। जन संचार ने बड़ी ही तीव्रता से महत्वपूर्ण एवं उच्च प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त कर लिया है तथा विभिन्न शैक्षणिक विधाओं के विद्यार्थियों के लिए इस क्षेत्र से जुड़ना एक बड़ा आकर्षण बन गया है।

वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति ने संचार माध्यमों (मीडिया) के विस्तार और उनके काम करने के तरीके में आ रहे बदलावों की प्रक्रिया तेज़ की है। इसका स्वरूप बदलने में सूचना प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसने छात्रों, शिक्षकों और संचार कर्मियों के लिए बड़ी चुनौतियां खड़ी की हैं। प्रौद्योगिकी में जितनी तेज़ी से बदलाव आ रहा है, उतनी ही तेज़ी से जन संचार और मीडिया के शिक्षण का स्वरूप भी बदल रहा है।

शिक्षा के किसी भी दूसरे क्षेत्र में बदलाव की प्रक्रिया इतनी तेज़ नहीं रही है। माध्यम के प्रभाव को बनाए रखने और उसमें निरंतर वृद्धि के लिए उभरती हुई चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करना निश्चित ही समय की मांग है; साथ ही नये मीडिया से जुड़ने और उसमें विस्तार के तरीके खोजने की भी जरूरत है।

इसके मद्देनज़र संस्थान तेज़ी से बदलती हुई नई ज़रूरतों का सामना करने के लिए पाठ्यविषयों का निरंतर मूल्यांकन करता है, जिससे बदलते हुए परिदृश्य में भी संस्थान द्वारा चलाए जाने वाले पाठ्यक्रमों की प्रासंगिकता बनी रहती है। संस्थान भविष्य में मीडिया संस्थानों से जुड़ने की इच्छा रखने वाले युवा छात्र-छात्राओं को जन संचार के लिए आवश्यक सामान्य कौशल तथा इस क्षेत्र के विभिन्न आयामों की बारीकियों और तकनीकों का प्रशिक्षण देता है।

संस्थान विद्यार्थियों को समाज के उपयोगी सदस्यों के रूप में विकसित होने में मदद करता है। विकास की इस प्रक्रिया में जानकारियों और ख़बरों को समाज के अन्य लोगों तक व्यापक पैमाने पर पहुंचाने के लिए सूचनाओं और संचार माध्यमों का प्रभावपूर्ण इस्तेमाल ज़रूरी है। अपनी इसी विशिष्टता के कारण संस्थान और इससे निकलने वाले छात्रों ने अपना एक अलग मुकाम हासिल किया और पहचान स्थापित की है।

संस्थान सूचना के ऐसे ढांचे के निर्माण में तथा उसे और सुचारू व मज़बूत बनाने में मदद करता है, जो न केवल भारत अपितु सभी विकासशील देशों के लिए उपयोगी हो। संस्थान केंद्र और राज्य सरकारों के विभागों और अंगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, विश्वविद्यालयों और अन्य शैक्षणिक निकायों के अलावा अनुरोध हासिल होने पर अन्य संस्थाओं, संगठनों और विभिन्न निकायों को भी उनकी ज़रूरत के अनुसार विशेषज्ञता और परामर्श सेवाएं प्रदान करता है।

संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बढ़ती लोकप्रियता तथा क्षेत्रीय ज़रूरतों की पूर्ति के लिए संस्थान ने 1993 में ढेंकानाल (ओडिशा) में एक शाखा खोली ताकि क्षेत्रीय आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस समय वहां दो स्नातकोत्तर डिप्लोमा पत्रकारिता पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यह अंग्रेज़ी और ओडिया भाषा के पाठ्यक्रम हैं।

विस्तार का अगला चरण वर्ष 2011 और 2012 में संपन्न हुआ। 2011 में भारतीय जन संचार संस्थान के दो नये क्षेत्रीय परिसर मिज़ोरम के आइज़ोल तथा महाराष्ट्र के अमरावती में खोले गए। 2012 के दौरान संस्थान के दो और क्षेत्रीय परिसर जम्मू (जम्मू और कश्मीर) तथा कोट्टयम (केरल) में खोले गए। चारों नये क्षेत्रीय परिसर अंग्रेज़ी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करते हैं जबकि पहले से कार्यरत पांचवें क्षेत्रीय परिसर ढेंकानाल में अग्रेज़ी और ओडिया, दोनों भाषाओं के पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

इस तरह वर्ष 2011-12 और 2012-13 में संस्थान का स्वरूप एक दिल्ली आधारित संस्थान (जिसकी एक शाखा ढेंकानाल, ओडिशा क्षेत्रीय परिसर वाला संस्थान था), से पूरी तरह बदल कर राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में परिवर्तित हो गया। अब यह राष्ट्रव्यापी उपस्थिति के क्षेत्रीय परिसरों वाला एक ऐसा संस्थान है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है और उसकी उपस्थिति कुल छह केंद्रों में है। उत्तर भारत में दिल्ली समेत अब भारतीय जन संचार संस्थान के उत्तर (जम्मू), दक्षिण (कोट्टयम), पूर्व (ढेंकानाल), पश्चिम (अमरावती) और उत्तर–पूर्व (आइज़ोल) में स्थापित परिसरों समेत कुल पांच प्रमुख क्षेत्रीय परिसर कार्यरत हैं।

संस्थान को भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय से वित्तीय सहायता प्राप्त होती है। संस्थान की गतिविधियों का मार्गदर्शन कार्यकारी परिषद करती है। इस परिषद् के अध्यक्ष सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव हैं। वो ही भारतीय जन संचार संस्थान समिति के अध्यक्ष का भी पदभार संभालते हैं। समिति में सूचना और प्रसारण मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संस्थान की संकाय के प्रतिनिधि और मीडिया जगत के विख्यात संचार कर्मी शामिल होते हैं। संस्थान के महानिदेशक कार्यकारी परिषद के सदस्य-सचिव होते हैं।

स्थापना के पचास से भी अधिक वर्षों तक निरंतर कठिन परिश्रम तथा बेहतरीन परिणाम देने की भावना की लगातार जारी कोशिश के कारण ही संस्थान विभिन्न मीडिया क्षेत्रों में पेशेवर पत्रकारों की एक बड़ी संख्या उपलब्ध करवा पाने में कामयाब रहा है। इस वजह से संस्थान ने संचार के शिक्षण, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में "उत्कृष्ट केंद्र" की प्रतिष्ठा हासिल कर ली है।

2016-17 के दौरान शैक्षिक और प्रशिक्षण गतिविधियां

भारतीय सूचना सेवा अधिकारियों का प्रशिक्षण

2016 में, ग्यारह भारतीय सूचना सेवा (आईआईएस) समूह 'ए' अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 9 फ़रवरी से 8 नवंबर, 2016 तक मीडिया और संचार में अपने 9 महीने का प्रवेश प्रशिक्षण पूरा किया। उनके प्रवेश प्रशिक्षण का एक प्रमुख अनुभव 11 से 14 सितंबर, 2016 तक छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) के प्रभावित क्षेत्रों की एक लघु यात्रा थी। इस तरह का प्रयोग पहली बार पाठ्यक्रम का हिस्सा बना। इस यात्रा का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को एलडब्लूई प्रभावित क्षेत्र में सूचना और संचार की महत्ता, मायनों और उनके आदान-प्रदान के तरीकों समेत पूरी प्रक्रिया से अवगत कराना था। जानकारियाँ हासिल करने के तरीकों को समझने समेत इन्हें संचार तंत्र के माध्यम से त्वरित गतिशीलता प्रदान करना भी इन अधिकारियों की ड्यूटी का एक अहम अंग है।

पहली बार अधिकारी प्रशिक्षुओं को सप्ताह भर का रक्षा संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके लिए अधिकारी प्रशिक्षुओं को असम राइफ़ल्स से संबद्ध किया गया। आरंभिक प्रशिक्षण में ही रक्षा संबंधी यह प्रशिक्षण पहली बार कोर्स में शामिल किया गया। इससे अधिकारी प्रशिक्षुओं को पूर्वोत्तर क्षेत्र के तीन राज्यों मणिपुर, मेघालय और असम को अधिक विस्तार से जानने का अवसर प्राप्त हुआ। अधिकारी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के दौरान इस बार फ़िल्म एंड टीवी इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडिया (एफ़टीआईआई) में भी कुछ समय प्रशिक्षण दिया गया ताकि वो टीवी और फ़िल्म निर्माण की बारीकियों को सीख सकें। भारत की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराने और उसे बेहतर ढंग से समझने और जानने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से उन्हें भारत दर्शन दौरा भी कराया गया।

अधिकारी प्रशिक्षुओं ने भारत के राष्ट्रपति से भेंट की। इस मुलाकात के दौरान राष्ट्रपति ने उन्हें संबोधित करते हुए देश के प्रशासन में भारतीय सूचना सेवा की अति महत्वपूर्ण भूमिका की महत्ता से अवगत कराया। इन अधिकारियों को सूचना एवं प्रसारण मंत्री

श्री एम. वेंकैया नायडू और सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री कर्नल श्री राज्यवर्धन राठौड़ (सेवानिवृत्त), एवीएसएम के साथ बातचीत का अवसर भी मिला।

इनके अलावा, 2016 में दस आईआईएस वरिष्ठ ग्रेड ग्रुप 'बी' अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 14 दिसंबर 2015 से 13 जून 2016 तक 'संचार और मीडिया' में एक बुनियादी पाठ्यक्रम किया। इस बुनियादी पाठ्यक्रम में पहली बार सरकारी कार्यपद्धति, सामान्य वित्तीय नियम (जीएफ़आर-GFR) इत्यादि पर 10 दिन का मॉड्यूल शामिल था। फ़िल्म मूल्यांकन और डॉक्युमेंटरी निर्माण पर भी पहली बार एक मॉड्यूल आरंभ किया गया। इस मॉड्यूल में अधिकारी प्रशिक्षुओं ने 'दिल्ली की सड़कों पर जीवन' विषय पर दो वृत्तचित्र तैयार किए। अधिकारी प्रशिक्षुओं ने कार्यालय प्रक्रियाओं, वित्त और बजट जैसे मुद्दों पर सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) में एक सप्ताह का प्रशिक्षण लिया। अधिकारी प्रशिक्षुओं लद्दाख, कश्मीर और पंजाब की 10 दिन की एक अध्ययन यात्रा के लिए भी गए।

इसके अलावा भारतीय सूचना सेवा के ग्रुप 'ए' के पंद्रह अधिकारी प्रशिक्षुओं के नए दल का नौ माह का प्रवेश प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 16 जनवरी 2017 से आरंभ हुआ।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

संस्थान ने अपनी स्थापना के बाद से ही कड़े परिश्रम से अपने प्रशिक्षण की विषय-वस्तु में सुधार करते हुए मीडिया और संचार शिक्षा के क्षेत्र में अपना विशेष स्थान बना लिया है। आज इसे इस क्षेत्र के प्रशिक्षण संस्थानों में गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह मीडिया उद्योग में आने के इच्छुक प्रशिक्षुओं के लिए हिन्दी, अंग्रेज़ी, ओडिया पत्रकारिता, विज्ञापन एवं जनसंपर्क तथा रेडियो एवं टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा हासिल करने का अवसर प्रदान करता है।

संस्थान द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों में, कक्षा में प्रशिक्षण, कड़े अभिप्रयासों, प्रायोगिक पत्रों और परियोजनाओं (प्रोजेक्ट) आदि का उचित सम्मिश्रण रहता है। कक्षा में बताई या पढ़ाई गई बातों का अभ्यास करने के लिए क्षेत्रीय भ्रमण के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराया जाता है। विद्यार्थियों के लिए यह कौशल सीखना इसलिए आवश्यक हैं ताकि वो अपने कैरियर में सफलता प्राप्त कर सकें। प्राप्त की जा रही शिक्षा को वास्तविक और व्यावहारिक तौर पर उस वातावरण से जोड़ने के ऐसे अभ्यास उन्हें उन परिस्थितियों से परिचित कराते हैं, जिनका उन्हें मीडिया और संचार उद्योग में सामना करना पड़ सकता है। ये पाठ्यक्रम एक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के अलावा समाज में मीडिया कर्मियों की भूमिका को परिभाषित करते हैं।

तीव्रता से विकसित होते हुए मीडिया एवं संचार के क्षेत्र में बदलती हुई प्रवृत्तियों और तकनीक के साथ चलने के लिए पाठ्यक्रमों की विषय वस्तु की निरंतर समीक्षा की जाती है और उनमें संशोधन किए जाते हैं ताकि परिवर्तित परिस्थितियों में भी पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता कायम रखी जा सके।

पाठ्यक्रमों को तैयार करते समय, उद्योग की विविधतापूर्ण आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखा जाता है ताकि विद्यार्थी नीतिपरक एवं ज़मीनी यथार्थ से भी परिचित हों। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों में ज़िम्मेदारी की भावना भरने का भी प्रयास किया जाता है ताकि वो भारत के बहुभाषी, बहुधर्मी,और बहुआयामी समाज में अपनी-अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभाने में समर्थ हो सकें। संस्थान अपने विद्यार्थियों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने में भी मदद करता है ताकि वे पाठ्यक्रम के समाप्त होने पर नौकरी प्राप्त

करने के लिए आवश्यक कुशलता हासिल कर सकें। कोर्स की समाप्ति के बाद कैंपस प्लेसमेंट शिविर समेत अन्य तरीकों से उन्हें नौकरी प्राप्त करने में मदद की जाती है। ये नियुक्तियां समाचारपत्रों, टीवी चैनलों, मीडिया कार्यालयों और विज्ञापन एवं जन संपर्क एजेंसियों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में होती हैं।

पत्रकारिता (हिंदी) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम की शुरुआत हिंदी समाचारपत्रों, पत्रिकाओं, टीवी एवं रेडियो के लिए कौशलपूर्ण एवं व्यावसायिक तौर पर प्रशिक्षित मीडिया पेशेवरों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए की गई। भारत में मीडिया के विकास के साथ-साथ शीघ्र ही पाठ्यचर्या में नये मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफ़ार्म का समावेश किया गया। पाठ्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सैद्धांतिक पृष्ठभूमि प्रदान करना और समाचार एकत्रीकरण, प्रोडक्शन, प्रस्तुतिकरण और प्रसारण की प्रक्रिया में व्यावसायिक कौशल देना है।

वर्ष 2016-17 में हिंदी पत्रकारिता पाठ्यक्रम के कोर्स में 56 विद्यार्थी थे। पाठ्यक्रम के प्रारंभिक चरण में संचार के सिद्धांत और अवधारणाओं तथा पत्रकारिता के इतिहास और कानून एवं आचार संहिता पर विशेष बल दिया गया। पहले सप्ताह से ही प्रशिक्षुओं को कंप्यूटर पर हिंदी में यूनिकोड का प्रशिक्षण दिया गया ताकि प्रकाशन हेतु उनके हिंदी टंकण कौशल और सॉफ़्टवेयर ज्ञान में बढ़ोतरी हो सके। दोनों सत्रों में सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों पक्षों पर समान रूप से ध्यान दिया गया।

शैक्षिक वर्ष के दौरान हिंदी पत्रकारिता विभाग ने विद्यार्थियों की समझ और व्यावहारिक योग्यताओं के विकास के लिए कई कार्यशालाओं का आयोजन किया। विभाग ने बिज़नेस पत्रकारिता, राजनीतिक रिपोर्ट लेखन, फ़ोटोग्राफ़ी, संपादन एवं अनुवाद पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया।

वर्ष 2013 में हिंदी पत्रकारिता के लिए उद्योग द्वारा सर्वाधिक प्रयुक्त एक एकीकृत समाचार संपादन प्रणाली प्राप्त करके विशेष कंप्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गई ताकि उसमें प्रयोगशाला पत्रों का प्रकाशन किया जा सके। इस वर्ष विद्यार्थियों ने न्यूज़ रैप संपादन प्रणाली तथा एकीकृत एडोबे पर अपने प्रायोगिक पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने पाठ्यक्रम के दौरान डिज़ाइन पब्लिशिंग सॉफ़्टवेयर में संपादन और अन्य प्रायोगिक पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत किए।

विभाग धीरे-धीरे पेपररहित प्रशिक्षण की ओर बढ़ रहा है। विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत तौर पर व समूहों में 50 से अधिक प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित किया जाता है कि वो अपना काम संस्थान के नेटवर्क पर सीधे अन्य विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ साझा करें।

इस बार विद्यार्थी एक शैक्षणिक दौरे पर सूरजकुंड मेले में भी गए और उन्होंने इस दौरे की रिपोर्टिंग करते हुए विशेष प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने रेडियो और टेलीविजन के लिए भी इसकी रिपोर्टिंग की।

मीडिया में व्यावसायीकरण के बढ़ते हुए रुझान की वजह से मीडिया का स्वरूप बदल रहा है पर इसकी अपनी ज़िम्मेदारियां भी हैं। वो ज़िम्मेदारियां पूरी तरह नज़रअंदाज़ ना हों, इस उद्देश्य से संस्थान विकास संचार में प्रशिक्षण पर ख़ास ज़ोर देने के लिए प्रतिबद्ध है। छात्रों ने संस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशन में काफी रूचि दिखाई और समूहों में इसके लिए कई कार्यक्रम तैयार किए।

पाठ्यक्रम की समाप्ति पर सभी विद्यार्थी विभिन्न संगठनों में व्यावहारिक अभ्यास के लिए गए। संस्थान के प्लेसमेंट विभाग ने

केंद्रीकृत इंटर्नशिप/नियोजन पखवाड़े के दौरान विद्यार्थियों को समाचारपत्रों और उनके डिजिटल संस्करणों, टेलीविजन चैनलों और समाचार एजेंसियां में प्लेसमेंट में मदद की। विद्यार्थियों का दैनिक भास्कर, नवभारत टाइम्स ऑनलाइन, अमर उजाला डिजिटल, इंडिया टुडे डिजिटल, जागरण जोश और हरिभूमि और उनके ऑनलाइन संस्करणों, ए बी पी न्यूज और ए पी एन टीवी में नियोजन हुआ जबकि कुछ छात्रों ने उच्च अध्ययन को चुना।

पत्रकारिता (उर्दू) में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: भारतीय जन संचार संस्थान में उर्दू पत्रकारिता का डिप्लोमा पाठ्यक्रम दिल्ली परिसर में 2013-14 में शुरू हुआ था और 2016-17 में कार्यकारी परिषद् द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद इस डिप्लोमा कोर्स का उन्नयन करके इसे स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स का दर्जा प्रदान किया गया। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले नौ में से छह छात्रों ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पत्रकारिता पाठ्यक्रम: भारतीय जन संचार संस्थान का सबसे प्रमुख कोर्स अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पत्रकारिता पाठ्यक्रम है। यह नौ महीने की अवधि का गहन एवं अभ्यास आधारित पाठ्यक्रम है जो युवा विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर पत्रकार बनाता है। वर्ष 2016-17 के दौरान इस कोर्स में 57 छात्रों को प्रवेश मिला। विद्यार्थियों को इनहाउस और सैद्धांतिक प्रशिक्षण के साथ ही व्यावहारिक और फ़ील्डवर्क प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। उन्हें इलेक्ट्रॉनिक, सामुदायिक और डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम बदलावों की भी जानकारी दी गई। उन्हें मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने के लिए ज़रूरी रिपोर्टिंग, लेखन और संपादन के मौके मीडिया की सभी विधाओं में उपलब्ध कराए गए ताकि वो अपने ज्ञान का व्यावहारिक प्रयोग करने में सक्षम बनें। उन्हें अख़बार और पत्रिका प्रकाशन उद्योग में पेज तैयार करने की प्रचलित प्रणालियों के अलावा इस क्षेत्र में अपनाई जा रही नवीनतम पद्धतियों के उपयोग का भी प्रशिक्षण दिया गया।

विद्यार्थियों की संपादकीय टीमों ने 20 प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने समूहों में आठ समाचार वेबसाइट एवं ब्लॉग बनाए। इनमें परिसर की अद्यतन घटनाएं और स्थानीय समाचारों की दृश्य तथा श्रव्य सामग्री थी। इसके अलावा विद्यार्थियों ने सामुदायिक रेडियो कार्यक्रम तैयार किए। इन्हें संस्थान में "अपना रेडियो" पर प्रसारित किया गया।

विद्यार्थियों के रिपोर्टिंग एवं लेखन कौशल को समुन्नत करने के लिए उन्हें देश की राजधानी दिल्ली समेत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में धरना व प्रदर्शनों और सामयिक मामलों सहित प्रमुख घटनाओं, चुनावी रैलियों तथा ग्रामीण रिपोर्टिंग की कवरेज करने के लिए भी भेजा गया। अंग्रेज़ी पत्रकारिता विभाग हमेशा से घटनास्थल पर जाकर रिपोर्टिंग करने पर खास ज़ोर देता है। इस बार विद्यार्थी एक शैक्षणिक दौरे के तौर पर सूरजकुंड मेले में भी गए और उन्होंने इस दौरे की रिपोर्टिंग करते हुए विशेष प्रयोगशाला पत्र प्रकाशित किए। उन्होंने रेडियो और टेलीविजन के लिए भी इसकी रिपोर्टिंग की।

विशेष प्रयोगशाला पत्रों में कई समसामयिक मुद्दों पर फ़ोटो, फ़ोटो निबंध और कई विशेष लेख भी प्रकाशित किये गए। इसके अलावा छात्रों ने, इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, इंडिया हैबिटेट सेंटर, जामिया मिलिया इस्लामिया और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय समेत कई अन्य शैक्षणिक संस्थानों में संगोष्ठियों और व्याख्यान सत्रों में शिरकत की। उनको विभिन्न टीवी चैनलों द्वारा आयोजित कई विचारप्रेरक लाइव चर्चाओं में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया गया। उन्हें चार दिवसीय भ्रमण यात्रा पर हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला ले जाया गया जहां उन्होंने भारत-चीन और भारत-तिब्बत मुद्दों पर कई कार्यशालाओं में भाग लिया। इन गहन

प्रायोगिक अभ्यासों और सैद्धांतिक कक्षा के प्रशिक्षण ने उनके व्यावसायिक और शैक्षिक कौशल को पैना करने में मदद की। विद्यार्थियों ने धर्मशाला और तिब्बती समुदाय पर विशेष संस्करण प्रकाशित किए।

संस्थान के अधिकांश छात्रों का मीडिया उद्योग के प्रतिष्ठित संगठनों में नियोजन हुआ। विद्यार्थियों को प्रेस ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया (पीटीआई), एडफैक्टर्स पीआर, नेटवर्क 18, टाइम्स इंटरनेट लिमिटेड, बिज़नेस स्टैंडर्ड, आज तक ऑनलाइन, ब्लूमबर्ग-क्विंट, इंडियन एक्सप्रेस ऑनलाइन, फाइनेंशियल एक्सप्रेस ऑनलाइन, दूरदर्शन और एबीपी जैसी प्रतिष्ठित और प्रमुख मीडिया संस्थानों में नियुक्तियां हासिल हुईं।

विज्ञापन एवं जनसंपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: संस्थान विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग उद्योग के लिए बेहतरीन पेशेवर कर्मी तैयार करने के गौरव को निरंतर प्राप्त करता रहा है। विज्ञापन एवं जनसंपर्क में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में सर्वाधिक बल समकालीन और प्रगतिशील अध्ययन पर रहता है। इसके साथ सुविचारित पाठ्यक्रम तथा शिक्षण और उद्योग का अनुभव इस पाठ्यक्रम की विशेष पहचान के तौर पर उभरा है।

वर्ष 2016-17 में विज्ञापन एवं जनसंपर्क पाठ्यक्रम में कुल 67 विद्यार्थी थे। पाठ्यक्रम की पाठ्चर्या के 10 प्रश्नपत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को गहन शिक्षण, प्रशिक्षण एवं कौशल अभिवृद्धि अभ्यास कराया गया। गत वर्षों की भांति संस्थान के संकाय के अलावा उद्योग जगत की सर्वोत्तम हस्तियों ने भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने कई नामी गिरामी ब्रांडों, मीडिया के खोजी मुद्दों तथा संकट प्रबंधन सिमुलेशन और कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी (सी एस आर-CSR) ब्रांड निर्माण इत्यादि पर कार्य किया।

इस बार सैद्धांतिक पढ़ाई के दौरान नए तरीकों का भी इस्तेमाल किया गया। इनमें छात्रों को बेहतर ढंग से समझाने के लिए चरित्रों द्वारा नाटक अदायगी, केस स्टडीज़, किताबों की समीक्षा और प्रश्नोत्तरी इत्यादि के रूप में अध्यापन की नवीन पद्धतियां आरंभ की गईं।

छात्रों ने कई महत्वपूर्ण विज्ञापन अभियानों पर काम किया। उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय के लिए बनाए गए सड़क सुरक्षा संबंधित विज्ञापन के लिए 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार भी जीता। छात्रों ने अपने यह विज्ञापन विशेषज्ञों और मंत्रालय के प्रतिनिधियों के समक्ष प्रस्तुत किए और अपनी सृजनात्मक क्षमता, निर्माण के उच्च स्तर और लगन से सबको प्रभावित किया। इस साल न केवल सूचना और जनसंपर्क डिप्लोमा कार्यक्रम के छात्रों बल्कि अन्य क्षेत्रीय परिसरों के कई अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों को भी विज्ञापन और जनसंपर्क उद्योग में अच्छी नियुक्तियां हासिल हुईं।

पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड, टाटा, ऐड्फ़ैक्टर्स, एडलमैन पीआर, एवियन मीडिया, पीआर पंडित, स्कूपव्हूप, वैट कंसल्ट, मिक्स्ड रूट जूस, द लिंक्स, व्हाट कंसल्ट, एक्सेंचर, एक्ज़ियम, डिजीकॉम, लेट्ज़ चेंज फाउंडेशन आदि जैसी कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों में छात्रों को रोजगार मिला। सबसे अधिक वेतन पैकेज टाटा की तरफ से आया जिसने एक छात्र को 9.27 लाख रुपये सालाना वेतन की पेशकश की।

रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: शैक्षणिक वर्ष 2016-17 में 45 छात्रों ने रेडियो और टीवी पत्रकारिता का स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया। इन विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक तौर पर व्यापक, गहन और कड़े अभ्यास का सामना करना पड़ा।

तीव्रता से विकसित होते हुए मीडिया उद्योग और बदलती हुई तकनीकों के अनुसार पाठ्यचर्या में लगातार बदलाव किया जाता

है। इसमें कुल दस प्रश्नपत्र शामिल थे, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को विविध मीडिया विषयों जैसे रेडियो, टीवी पत्रकारिता, टेलीविजन एवं फ़िल्म प्रोडक्शन, न्यू मीडिया पत्रकारिता तथा विज्ञापन एवं जनसंपर्क पर शैक्षिक व्याख्यानों के साथ-साथ प्रचुर व्यावहारिक कौशल प्रदान किया गया। पाठ्यक्रम का प्रमुख ज़ोर प्रायोगिक और व्यावहारिक अभ्यासों पर रहता है जो इस संस्थान के विद्यार्थियों को इसी क्षेत्र के अन्य सार्वजनिक और निजी संस्थानों के मुकाबले खास बनाता है।

व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए शीर्ष मीडिया संगठनों में कार्यरत विषयों के विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित मीडिया हस्तियों को नियमित तौर पर आमंत्रित किया गया ताकि वो अपने-अपने विषयों, क्षेत्रों और तकनीक के बारे में नवीनतम प्रगति की जानकारी प्रदान कर सकें।

रेडियो और टीवी पत्रकारिता के छात्रों द्वारा प्रशिक्षण के दौरान की गई यह कड़ी मेहनत उनके द्वारा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर प्रस्तुत की गई लघु फिल्मों और वृत्तचित्रों में स्पष्ट तौर पर दिखाई दी। इन छात्रों की प्रस्तुतियों को उनकी निर्भीक विषयवस्तु, समृद्ध कौशल और तकनीक का नए रूप में इस्तेमाल करने में दिखाई कुशलता के कारण व्यापक सराहना मिली।

रेडियो और टेलीविजन विभाग से इस शैक्षणिक सत्र में सफलतापूर्वक डिप्लोमा लेने वाले 80 प्रतिशत से अधिक छात्रों को रोजगार प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों को कई प्रमुख राष्ट्रीय मीडिया संगठनों ने पत्रकारिता और तकनीकी विभागों में रोजगार मिला।

इसके अलावा विभाग ने संस्थान के अन्य पांच विभागों के विद्यार्थियों को भी प्रसारण माध्यम का आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण नियमित तौर पर उपलब्ध कराया। विभाग ने रेडियो और टीवी पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर अल्पकालीन पाठ्यक्रमों का संचालन भी किया।

न्यू मीडिया एंड आईटी विभाग

न्यू मीडिया एंड आईटी विभाग का उद्घाटन 20 मई, 2016 को निम्नलिखित उद्देश्यों के लिए किया गया:

- छात्रों के बीच न्यू मीडिया की समझ विकसित करना और उन्हें न्यू मीडिया की संभावनाओं और सीमाओं को आंकने में सक्षम बनाना;
- न्यू मीडिया से जुड़े मामलों में शोध करना;
- डिजिटल मल्टीमीडिया के ऐप्लीकेशंस का इस्तेमाल कर सकने में सक्षम (अनुप्रयोग क्षमताओं वाले) संचार पत्रकारों को विकसित करना;
- मीडिया उद्योग से संबंधित समसामयिक नए पाठ्यक्रमों को आरंभ करना;
- ई-सामग्री विकसित करने और भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए डिजिटल अभियानों में भाग लेने हेतु;

विभाग सभी विभागों में न्यू मीडिया प्रश्नपत्र पढ़ाने में मदद करता है और डाटा जर्नलिज़्म, डिजिटल मार्केटिंग, डिजिटल उपकरण, मोबाइल पत्रकारिता और ऑनलाइन पत्रकारिता पर कार्यशालाएं भी आयोजित की जाती हैं।

वर्ष 2016-2017 में प्रमुख गतिविधियां

- विभाग ने न्यू मीडिया पर कंसोर्टियम फ़ॉर एजुकेशनल कम्युनिकेशन (सीईसी), पीजी पाठशाला, स्वयं और नेशनल

रिपोज़िटोरी ऑफ़ ओपन एजुकेशनल कोर्सेज़ के लिए ई-सामग्री तैयार की है;

- विभाग वर्तमान में एक शोध कर रहा है कि विभिन्न मंत्रालयों द्वारा नागरिकों के साथ जुड़ने और उनके हितों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कैसे किया जा रहा है; परियोजना पर खर्च की जाने वाली राशि यूजीसी-यूपीई फोकस एरिया-II प्रोजेक्ट (मैसूर विश्वविद्यालय) द्वारा वहन की जा रही है;
- विभाग ने पाठ्यक्रम विकास और मूल्यांकन हेतु प्रधान मंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीडीआईएसएचए) के साथ सहयोग किया है।

वर्ष 2016-2017 में निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :

- केरल के छात्रों के लिए मीडिया और सूचना साक्षरता पाठ्यक्रम;
- भूटान के सूचना अधिकारियों के लिए न्यू मीडिया पर पाठ्यक्रम;
- कर्नाटक के सूचना सेवा अधिकारियों के लिए न्यू मीडिया प्रौद्योगिकियों पर पाठ्यक्रम;
- संचार अनुसंधान विभाग (डीकोर) के सहयोग से संकाय विकास कार्यक्रम (फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम-एफडीपी);
- आईआईएमसी के संचार अनुसंधान विभाग (डीकोर) के सहयोग से पंचायती राज, पेय जल और स्वच्छता अधिकारियों हेतु संचालन के लिए सोशल मीडिया प्रणाली।

विभाग संस्थान की वेबसाइट www.iimc.gov.in और सोशल मीडिया प्रबंधन करता है।

भारतीय जन संचार संस्थान, ढेंकानाल परिसर की गतिविधियां

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय जन संचार संस्थान का दूसरा परिसर ओडिशा के ढेंकानाल में 1993 में शुरू किया। देश में जन संचार और पत्रकारिता प्रशिक्षण और शोध की बढ़ती ज़रूरतों के मद्देनज़र इसकी आवश्यकता महसूस हुई। भुवनेश्वर से करीब 80 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित यह दर्शनीय और मनोहारी केंद्र ढेंकानाल, रेल और सड़क मार्ग (एनएच-55) दोनों से जुड़ा हुआ है और यह मध्य ओडिशा के आतंरिक ग्रामीण और भील इलाके के पास पड़ता है।

भारतीय जन संचार संस्थान का ढेंकानाल परिसर अगस्त 1993 में, अंग्रेज़ी पत्रकारिता की 40 सीटों वाले स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स के साथ एक किराए की जगह पर शुरू हुआ। संस्थान अपने स्थायी परिसर में वर्ष 2000 में स्थानांतरित हुआ। 7.5 एकड़ में फैला यह नया परिसर पानिओहाला पर्वत की घाटी में बसा हुआ है। आने वाले वर्षों में धीरे धीरे सीटों की संख्या बढ़ाई जाती रही और अब वर्तमान क्षमता 62 सीटों की है।

1993 से लेकर अब तक, आई आई एम सी के ढेंकानाल परिसर से 1200 से अधिक पेशेवर पत्रकार प्रशिक्षण ले चुके हैं। इनमें से ज़्यादातर आज मुख्यधारा के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों, सरकारी संस्थानों और गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत हैं। एक बहुत बड़ा वर्ग जन संपर्क और विज्ञापन के क्षेत्र से भी जुड़ा हुआ है। इनमें से कई लोग खुद के मीडिया संस्थान शुरू कर चुके हैं जबकि कुछ अध्यापन के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

ओडिया भाषा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम: भारतीय जन संचार संस्थान के ढेंकानाल परिसर में शैक्षणिक वर्ष -2002 2001 में ओडिया मीडिया की ज़रूरतों के मद्देनज़र 15 सीटों के साथ ओडिया पत्रकारिता वाले स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स की शुरुआत की गई। अब वर्तमान क्षमता 23 सीटों की हैं। जन संचार संस्थान द्वारा हिंदी के बाद शुरू किया जाने वाला यह भाषाई पत्रकारिता का दूसरा पाठ्यक्रम है।

क्षेत्रीय मीडिया उद्योग इस पाठ्यक्रम के संचालन में पूरा सहयोग दे रहा है। संपादक और कई वरिष्ठ पेशेवर मीडिया पत्रकार अक्सर ढेंकानाल परिसर में आकर छात्रों के साथ अंतर्संवाद करते हैं। इस संस्थान के कई छात्रों ने ओडिशा के प्रमुख मीडिया संस्थानों में अपनी पहचान बनाई है। मीडिया से जुड़े मुद्दों पर छात्रों के ज्ञान में बढ़ोतरी करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियों और विशेषज्ञों को भी समय-समय पर व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाता है।

ढेंकानाल परिसर के सक्रिय संकाय के सदस्यों के अलावा ऑल इंडिया रेडियो, दूरदर्शन और पी आई बी जैसे अलग-अलग मीडिया संस्थानों से भी कई अतिथियों को व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि वो विद्यार्थियों के साथ ज्ञान साझा कर सकें। पत्रकारिता और मीडिया में एक अलग पहचान बना चुके विख्यात लोगों और विशेषज्ञों को भी विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु व्याख्यानों के लिए आमंत्रित किया जाता है। पत्रकारिता में कार्यरत पत्रकारों को भी प्रशिक्षण देने हेतु बुलाया जाता है।

शैक्षणिक गतिविधियां

इस कैंपस के छात्रों का अकादमिक प्रदर्शन शुरू से ही सराहनीय रहा है। यहाँ कक्षाओं में पढ़ाई पर जोर की अपेक्षा कक्षा कार्यशालाओं सहित फ़ील्ड में जाकर कार्य करने पर अधिक बल दिया जाता है।

वर्ष 2016-2017 के दौरान, छात्रों ने कई प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों को कवर किया। उन्होंने भुवनेश्वर में आयोजित अंजलि (ANJALI) अंतर्राष्ट्रीय बाल महोत्सव और खुर्दा में आयोजित नाट्य चेतना थिएटर फ़ेस्टिवल के बारे में बुलेटिन प्रसारित किए। उन्होंने पारादीप में कैनफ़ेस्ट (15वां राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव) के आयोजकों की मीडिया कवरेज में मदद की। छात्रों ने भुवनेश्वर में आयोजित ओडिशा विकास सम्मेलन 2017 और सोशल इनोवेशन समिट में भाग लिया और उसे कवर भी किया। छात्रों ने 20 से 26 जनवरी, 2017 के दौरान आयोजित हुए पहले पुरी बीच कार्निवल को भी कवर किया।

लैब जर्नलों के चार अंकों के प्रकाशन के अलावा, छात्रों ने अगस्त के मध्य से लेकर शैक्षणिक सत्र के अंत तक प्रत्येक कार्य दिवस पर अंग्रेज़ी और ओडिया में दैनिक समाचारपत्रों को प्रकाशित किया। संस्थान की वीडियो प्रयोगशाला से टेलीविजन पर समाचार प्रस्तुति एक अन्य नियमित अभ्यास था, जो उनकी दैनिक शैक्षणिक गतिविधि में शामिल था।

विडियो अभ्यास की तरह ही संस्थान की ऑडियो प्रयोगशाला से ऑडियो समाचार प्रस्तुति भी की गयी। उन्होंने ब्लॉग और वेबसाइट पर काम करने और उन्हें अपडेट करने का काम भी साप्ताहिक अभ्यास के तौर पर किया। इन अभ्यासों का उद्देश्य छात्रों को प्रिंट, वीडियो, ऑडियो, वेब और सोशल मीडिया में प्रशिक्षित करना था। उनकी कुछ रेडियो प्रस्तुतियों को ऑल इंडिया रेडियो, कटक और रेडियो नमस्कार, कोणार्क द्वारा प्रसारित किया गया।

छात्रों ने सामयिक मुद्दों पर प्रस्तुतियां तैयार कीं, जो उनकी दैनिक शैक्षणिक गतिविधि का हिस्सा थीं। इन गतिविधियों ने उन्हें शोध में उत्कृष्ट और प्रस्तुति कौशल में प्रखर बनाया। टीवी न्यूज़ कैप्सूल, रेडियो फ़ीचर और वृत्तचित्र प्रस्तुत करने में उनकी पकड़ बनी।

उन्होंने ब्लॉग्स और वेबसाइट्स तैयार कीं। उन्हें समाचार संग्रह, उसके कलेवर और प्रसार के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करना भी सिखाया गया।

संगोष्ठियां एवं कार्यशालाएं

भारतीय जन संचार संस्थान, ढेंकानाल कैंपस ने शैक्षणिक वर्ष में कई कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित कीं, जिसमें शामिल हैं:

1. 4 अगस्त, 2017 को "रीज़नल लैंग्वेज जर्नलिज़्म, प्रॉब्लम्स एंड प्रॉस्पेक्ट्स" पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी।
2. 16 नवंबर, 2016 को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर ढेंकानाल यूनियन ऑफ़ जर्नलिस्ट्स के सहयोग से "प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया इन द डिजिटल एरा" पर संगोष्ठी।
3. 22 नवंबर, 2016 को भारतीय प्रशासनिक सेवा संस्थान (आई आई पी ए), ओडिशा चैप्टर के सहयोग से "सिविल सोसायटी ऐंड पब्लिक सर्विस" पर संगोष्ठी।
4. 22 जनवरी को ट्रस्ट (TRUST), भुवनेश्वर के साथ मिलकर महिलाओं के खिलाफ हिंसा को दूर करने के लिए संगोष्ठी।
5. 31 जनवरी, 2017 को भुवनेश्वर में विकीपीडिया की टीम के सहयोग से "राइटिंग फ़ॉर विकीपीडिया" पर कार्यशाला।
6. 9 फ़रवरी, 2017 को भुवनेश्वर के सहयोग से "अंडरस्टैंडिंग द स्ट्रक्चर एंड प्रोसेस ऑफ़ स्टेट बजट एंड बजट ऐन इन्स्ट्रूमेंट फ़ॉर डिवेलपमेंट" पर कार्यशाला।
7. 20 फरवरी, 2017 को प्रेस काउंसिल ऑफ़ इंडिया (पीसीआई) और ओडिशा पत्रकार संघ के सहयोग से न्यायमूर्ति सी के प्रसाद, अध्यक्ष, पीसीआई, नई दिल्ली की अध्यक्षता में "प्रेस स्वतंत्रता की रक्षा में पीसीआई की भूमिका" पर संगोष्ठी।
8. 5 मार्च, 2017 को कला परिषद, ढेंकानाल के सहयोग से "थियेटर : अ यूनीक मीडियम ऑफ़ कम्युनिकेशन" पर संगोष्ठी।

शिक्षण कार्यक्रम

भारतीय जन संचार संस्थान**,** ढेंकानाल कैंपस द्वारा वर्ष 2016-2017 में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम :

1. 28 नवंबर से 2 दिसंबर 2016 तक ओडिशा सरकार के जन संपर्क अधिकारियों के लिए एक सप्ताह के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।
2. 13 जनवरी, 2017 को भारतीय विद्या भवन, कोलकाता के छात्रों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।
3. 20 से 24 मार्च, 27 से 31 मार्च और 8 से 12 मई, 2017 के बीच ओडिशा स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी के डीजेएमसी छात्रों के लिए तीन विशेष मीडिया प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन।

अन्य गतिविधियां

छात्रों के लिए कई अन्य पाठ्यक्रम गतिविधियां आयोजित की गईं। संस्थान के स्थापना दिवस और हिंदी दिवस के अवसरों पर

वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने 19 अगस्त को विश्व फ़ोटोग्राफ़ी दिवस मनाया। 26 जनवरी को डिस्ट्रिक्ट राइटर्स फ़ोरम, ढेंकानाल के सहयोग से एक साहित्यिक उत्सव 'शब्दांजली' का आयोजन किया गया। शैक्षणिक वर्ष के दौरान शब्दांजली के दो और संस्करण आयोजित किए गए।

प्रो. के. एम. श्रीवास्तव की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर, उनकी स्मृति में एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। 29 अगस्त, 2016 को आंध्र विश्वविद्यालय के प्रो डी. वी. आर. मूर्ति द्वारा प्रथम प्रो. के. एम. श्रीवास्तव मेमोरियल व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान का विषय था "भारतीय पत्रकारिता की परंपरा"।

छात्रों ने एआईआर कटक के लिए एक घंटे का विविधतापूर्ण कार्यक्रम तैयार किया, जिसे दो भागों में युववाणी पर प्रसारित किया गया।

पुरस्कार जीतने वाली फिल्मों और वृत्तचित्रों को नियमित आधार पर प्रदर्शित किया गया। बाद में आयोजित सत्रों में इन फिल्मों और वृत्तचित्रों द्वारा उठाए गए विषयों और महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

प्लेसमेंट

वर्ष 2016-2017 के शैक्षणिक सत्र के दौरान कैंपस प्लेसमेंट्स का सत्र छात्रों के लिए अच्छा रहा। केंद्रीयकृत परिसर चयन प्रक्रिया के बाद दिल्ली और ढेंकानाल से डिप्लोमा लेने वाले अंग्रेज़ी पत्रकारिता के 70% से अधिक छात्रों को अलग-अलग मीडिया संगठनों में रोजगार मिला। ओडिशा पत्रकारिता पाठ्यक्रम के 17 छात्रों में से नौ छात्रों को ओडिशा के अख़बारों या टेलीविजन चैनलों में रोजगार मिला। इनमें प्रमेया, ओटीवी, इनाडु डिजिटल और पंचायत राज विभाग के तहत ओडिशा सरकार की परियोजना ओडिशा आजीविका मिशन-ओडिशा लाइवलीहुड मिशन (ओएलएम-OLM) शामिल हैं।

प्रकाशन

ढेंकानाल कैंपस ने इस शैक्षणिक वर्ष में चार मोनोग्राफ़ प्रकाशित किए। श्री सुबीर घोष द्वारा लिखित ‘‘हिस्टरी ऑफ़ पब्लिक रिलेशन एंड क्राइसिस मैनेजमेंट’’ के अतिरिक्त ओडिया भाषा में एक मोनोग्राफ़ "संबाद प्रसंगा -2" भी प्रकाशित किया गया। इसके अलावा मीडिया माइंड-4 (ढेंकानाल परिसर में दिए गए व्याख्यानों का संग्रह) भी जारी किया गया।

भारतीय जन संचार संस्थान के आइज़ोल परिसर की गतिविधियां

भारतीय जन संचार संस्थान का भारत के उत्तर-पूर्व में मिज़ोरम में स्थित आइज़ोल परिसर 2011 से शुरू हुआ। इस परिसर से निकले कई छात्रों ने देश भर के तमाम प्रमुख मीडिया संगठनों में कामयाबी हासिल करते हुए इस प्रशिक्षण केंद्र की विशेष पहचान बनाई है। अगस्त, 2016-17 में शुरू हुए शैक्षणिक सत्र के छात्रों ने भी कामयाबी का यह सिलसिला कायम रखा। इस सत्र के दौरान कई जानेमाने विशेषज्ञ पत्रकारों और अतिथि संकाय ने भी संस्थान का दौरा किया और छात्रों को संबोधित किया।

संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश और अपर महानिदेशक श्री मयंक अग्रवाल द्वारा आइज़ोल परिसर का दौरा इस वर्ष

की प्रमुख घटना रही। दिल्ली स्थित मुख्यालय में संस्थान के कार्यों तथा अपनी तमाम व्यस्तताओं और ज़िम्मेदारियों के बावजूद श्री सुरेश ने यहां का दौरा किया और स्थायी परिसर के निर्माण कार्य की खुद जांच की। इसके अलावा उन्होंने विद्यार्थियों और कर्मचारियों की दिक्कतों का भी जायज़ा लिया। श्री सुरेश ने इंजीनियरों के एक दल के साथ मिज़ोरम विश्वविद्यालय परिसर में बन रहे संस्थान के स्थायी परिसर के निर्माण कार्यस्थल का भी दौरा किया। यह निर्माण कार्य 2018 के अंत तक पूरा होना तय है।

संस्थान के संकाय के सदस्यों और छात्रों के साथ बातचीत में महानिदेशक श्री सुरेश ने न केवल छात्रों को अमूल्य मार्गदर्शन दिया बल्कि इस संस्थान के भविष्य को लेकर अपना नज़रिया भी पेश किया। मिज़ोरम विश्वविद्यालय के जन संचार विभाग द्वारा आयोजित एक राष्ट्रीय मीडिया संगोष्ठी में श्री सुरेश ने मुख्य वक्ता के तौर पर भाषण भी दिया, उन्होंने पत्रकारिता के व्यवसाय से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार भी व्यक्त किए। आइज़ोल के दूरदर्शन केंद्र के साथ हुए एक साक्षात्कार में उन्होंने भारत के उत्तर पूर्व और मिज़ोरम राज्य के संदर्भ में भारतीय जन संचार की महत्ता पर अपना दृष्टिकोण पेश किया।

कोर्स के दूसरे सत्र के दौरान छात्रों ने कोलकाता के इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फ़ोटोग्राफ़ी के प्रणब बसु द्वारा आयोजित दो दिवसीय फ़ोटो वर्कशॉप में भाग लिया। यह छात्रों के लिए काफ़ी बेशकीमती अनुभव रहा और यहां उन्हें फ़ोटोग्राफ़ी से संबंधित जानकारियों समेत मूलभूत सिद्धांतों जैसे लाइटिंग व फ़्रेमिंग को जानने और समझने का अनुभव प्राप्त हुआ। छात्रों ने मिज़ोरम सरकार द्वारा आयोजित किए जाने वाले वार्षिक पर्यटन उत्सव, एंथुरियम उत्सव को भी कवर किया और अपने लैब जर्नल के लिए काफ़ी सामग्री एकत्रित की। प्रकाशित की गई सामग्री में कई रिपोर्ट और सुंदर फ़ोटो निबंध शामिल थे।

शैक्षणिक तौर पर छात्रों ने रेडियो और टेलीविजन के लिए न्यूज़ बुलेटिन के अलावा 10 लैब जर्नलों का प्रकाशन किया। छात्रों के दो समूहों ने दो नयी वेबसाइट्स भी बनायीं और उनका निरंतर अद्यतन भी किया। दिल्ली के परिसर में आयोजित केंद्रीयकृत चयन प्रक्रिया के दौरान, आइज़ोल परिसर के तीन छात्रों को रोजगार का प्रस्ताव मिला।

भारतीय जन संचार संस्थान के अमरावती परिसर की गतिविधियां

भारत के पश्चिमी भाग में स्थित संस्थान के अमरावती केंद्र के परिसर में अंग्रेज़ी पत्रकारिता का स्नातकोत्तर डिप्लोमा कर रहे छात्रों को पत्रकारिता, संपादन, टीवी, न्यू मीडिया, रेडियो और फ़ोटोग्राफ़ी जैसी विधाओं के सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान का प्रशिक्षण और अभ्यास करवाया गया। साल भर के दौरान पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर लेक्चर देने के लिए मीडिया विशेषज्ञों को परिसर में आमंत्रित किया गया।

संस्थान के दैनिक प्रकाशन के अलावा शैक्षणिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने परिसर में मासिक और 12 साप्ताहिक पत्रिकाओं का प्रकाशन किया, जो शहर में हो रही गतिविधियों की कवरेज पर आधारित थी। इसके अलावा छात्रों ने अमरावती में आयोजित उत्सवों, राष्ट्रीय प्रेस दिवस और राज्य की राजनीति पर विशेष अंकों का भी प्रकाशन किया। शहर की गतिविधियों और घटनाओं को फ़ोटोग्राफ़ी सीख रहे छात्रों ने अपने कैमरे में कैद किया।

पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आयोजित एक प्रतियोगिता के लिए छात्रों ने चेनुष्ठा गांव पर एक वृत्तचित्र भी बनाया। यह वृत्तचित्र गांव के विकास पर आधारित था। इसके अलावा उन्होंने मुंबई के एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता के लिए, तीन मिनट की एक लघु फ़िल्म बनाई। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार इसे 36 घंटे के भीतर बनाकर भेजने की शर्त

को भी सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

छात्रों के तीन समूहों ने टेलीविजन पाठ्यक्रम के लिए तीन वृत्तचित्र भी तैयार किए। उन्होंने शहर में प्रवासियों, पारंपरिक मिट्टी के बर्तनों के व्यापार और स्थानीय व्यंजन ''मांडे'' जैसे विषयों को कवर किया। इन वृत्तचित्रों के लिए शोध, फिल्मांकन, संपादन और रिकॉर्डिंग आदि का सारा काम छात्रों ने स्वयं ही किया। रेडियो अभ्यास-सत्र के लिए छात्रों ने बुलेटिन तैयार किए।

मार्च 2017 में नागपुर में राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पांच छात्रों ने हिस्सा लिया। उन्होंने न्यू मीडिया पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। विकास पत्रकारिता पाठ्यक्रम से जुड़े कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने वाशिम ज़िले के बंबार्डा गांव का दौरा किया। वहां उन्होंने सिंचाई के क्षेत्र में काम कर रहे उद्यमियों, कृषि समिति के सदस्यों और किसानों से बातचीत की। यात्रा से लौटने के बाद उन्होंने इस यात्रा पर एक विशेष अंक भी प्रकाशित किया।

न्यू मीडिया के लिए, छात्रों ने अपने मोबाइल फ़ोन इस्तेमाल करके छोटी ख़बरें तैयार कीं और ब्लॉग चलाने और समाचारों के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट्स के संचालन का तरीका सीखा।

हर वर्ष की तरह छात्रों ने 2 अक्तूबर को पास के पहाड़ी पर्यटन-स्थल चिखलदरा और सेवाग्राम का दौरा किया।

भारतीय जन संचार संस्थान के जम्मू परिसर की गतिविधियां

भारतीय जन संचार संस्थान के जम्मू परिसर में छात्रों को कक्षाओं में सैद्धांतिक पढ़ाई तो प्रदान की ही गई, व्यावहारिक ज्ञान हासिल करने और अध्ययन के लिए कक्षाओं के बाहर भी स्थानीय दौरों पर ले जाया गया। छात्रों के लिए पैनल चर्चा और संवादात्मक सत्र भी आयोजित किए गए। पत्रकारिता के विशेषज्ञों द्वारा रेडियो और टेलीविजन के लिए समाचार लेखन, भाषा पत्रकारिता, संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों से की जाने वाली रिपोर्टिंग, टीवी न्यूज़ प्रोडक्शन और ब्रेकिंग न्यूज़ इत्यादि पर विशेष कक्षाएं आयोजित की गईं। व्यावहारिक ज्ञान के लिए कोर्स के दौरान संपादन कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।

स्वर्गीय प्रोफ़ेसर श्री के एम श्रीवास्तव की स्मृति में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसका विषय था 'कन्फ़्लिक्ट रिपोर्टिंग': "इज़ द मीडिया बायस्ड ऑर ऑब्जेक्टिव"। इस परिचर्चा का संचालन दिल्ली के प्रेस क्लब ऑफ़ इंडिया के अध्यक्ष (2015-16) श्री राहुल जलाली ने किया। परिचर्चा में प्रेस क्लब ऑफ़ जम्मू के अध्यक्ष, जम्मू में टाइम्स नाउ, आज तक, ज़ी न्यूज़, पीटीआई इत्यादि प्रमुख समाचार चैनलों के ब्यूरो प्रमुखों के अलावा जन संपर्क अधिकारी, रक्षा (पीआरओ-डिफ़ेंस) और राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन/पत्रकारिता विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर भी शामिल थे। जम्मू विश्वविद्यालय और जम्मू के आई आई एम सी के छात्रों ने इसमें बड़ी संख्या में भाग लिया।

छात्रों ने जम्मू और कश्मीर के प्रमुख चुनाव अधिकारी के साथ चुनाव संबंधी कई मुद्दों पर विस्तृत बातचीत की। प्रमुख चुनाव अधिकारी ने इस अवसर पर योग्य मतदाताओं की चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने और आदर्श आचार संहिता जैसे प्रमख मुद्दों पर भारतीय चुनाव आयोग की भूमिका पर प्रकाश डाला।

21 जून, 2017 को भारतीय जन संचार संस्थान के उत्तरी क्षेत्रीय परिसर, जम्मू ने जम्मू के ही चन्नी हिम्मत के "एवर ग्रीन पार्क" की "मॉर्निंग वॉकर्स एसोसिएशन" (Morning Walkers Association) के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

किया। खराब मौसम के बावजूद चन्नी हिम्मत के पंच मंदिर में इस समारोह का आयोजन पूरे उत्साह और समर्पण की भावना से किया गया। इसमें जन संचार संस्थान द्वारा की गई पहल का महिलाओं समेत सभी उपस्थित लोगों ने काफ़ी स्वागत किया। इस अवसर पर यह घोषणा की गई कि अब यह आयोजन भविष्य में सालाना तौर पर आयोजित होता रहेगा। स्थानीय समाचारपत्रों ने इस आयोजन की विस्तार से कवरेज की।

जम्मू परिसर में महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान का दौरा:

संस्थान के महानिदेशक श्री के जी सुरेश ने फ़रवरी, 2017 में जम्मू परिसर का दौरा किया। उन्होंने संकाय और विद्यार्थियों से अपने रिपोर्टिंग जीवन के अनुभव भी बांटे। श्री सुरेश ने फ़ील्ड रिपोर्टिंग के दौरान तथ्यों की जांच-पड़ताल और खबर के स्रोत सूत्र से बातचीत पर बल दिया। उन्होंने स्थानीय मीडिया और पत्रकारों से भी मुलाकात और संवाद किया। इस यात्रा के दौरान उन्होंने केरन बंतलाब में बन रहे स्थायी कैंपस परिसर के निर्माण स्थल का भी दौरा किया और कार्य की प्रगति का आकलन किया।

जम्मू और कश्मीर सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य सरकार के निर्देश पर भारतीय जन संचार संस्थान को 15 एकड़ ज़मीन मुहैया करा दी है। इसका अधिग्रहण करने के बाद 1800 मीटर लंबी बाहरी दीवार के निर्माण का कार्य इस समय ज़ोरों पर है। इसके निर्माण का काम सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सिविल निर्माण खंड देख रहा है।

महानिदेशक का मानना था कि परिसर के निर्माण का प्रस्ताव तैयार करते समय इस बात का ख़ास ख्याल रखा जाए कि निर्माण स्थल के कारण राज्य और इस इलाके या क्षेत्र का प्राकृतिक और नैसर्गिक माहौल भंग ना हो। इसके बाद संस्थान के महानिदेशक श्री के जी सुरेश ने राज्य मंत्री श्रीमती प्रिया सेठी और उच्च शिक्षा विभाग में सचिव तथा आयुक्त डॉ. असगर हसन समून और प्रभागीय आयुक्त श्री पवन कोतवाल से भी मुलाकात की। इन सभी ने जम्मू के केरन में बनने वाले स्थायी परिसर के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया।

संस्थान के परिसर, छात्रावास और आसपास के इलाकों में गांधी जयंती के अवसर पर एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इसमें संकाय, स्टाफ़ और विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और स्थानीय नागरिकों से मुलाकात करके उनसे इलाके को साफ़ और स्वच्छ रखने का अनुरोध किया। आसपास के इलाकों में फैले कूड़े-कचरे को हटाने के संस्थान के अभियान का सभी ने स्वागत किया।

भारतीय जन संचार संस्थान के कोट्टयम परिसर की गतिविधियां

वर्ष 2016-17, भारतीय जन संचार संस्थान के कोट्टयम परिसर के लिए काफ़ी उल्लेखनीय रहा। इस साल ना केवल शैक्षणिक पहल करते हुए कई नए कदम उठाए गए बल्कि भवनों के निर्माण कार्य में भी काफ़ी तेज़ी आई। इसके अलावा छात्रों का प्लेसमेंट का प्रतिशत काफ़ी अच्छा रहा। साल भर के दौरान संकाय के सदस्यों के अलावा अच्छी संख्या में विभिन्न दिग्गज पत्रकारों और विशेषज्ञों ने भी परिसर के छात्रों को व्याख्यान दिए और उनके ज्ञान में समृद्धि की।

कोट्टयम के अंग्रेज़ी पत्रकारिता के चौथे सत्र के सफल रहे विद्यार्थियों को नियुक्तियां हासिल करने में खासी सफलता मिली। संस्थान

के दिल्ली परिसर में आयोजित प्लेसमेंट सप्ताह में परिसर के विद्यार्थियों का अच्छा नियोजन हुआ। लगभग 46 प्रतिशत का प्लेसमेंट दिल्ली स्थित पी.टी.आई. के मुख्यालय में ही हुआ। कुछ अन्य को टाइम्स ऑफ़ इंडिया समूह और ए पी एन समेत अन्य संस्थानों में रोजगार मिला। 1 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च, 2017 तक चले इस प्लेसमेंट अभियान में हिस्सा लेने वालों में करीब 86 प्रतिशत विद्यार्थियों को प्लेसमेंट हासिल हुआ।

मेंटरशिप पहल

भारतीय जन संचार संस्थान का एक सफल और अभूतपूर्व प्रयास मेंटरशिप पहल है। यह भारत की सांस्कृतिक विरासत गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित एक पहल है। भारतीय जन संचार संस्थान कोट्टयम का यह अनूठा तरीका सुनिश्चित करता है कि छात्र नौकरी हासिल होने के पहले ही कुशलता और सक्षमता हासिल कर लें। परिसर में प्रत्येक छात्र को एक श्रमजीवी पत्रकार मेंटर के तौर पर मार्गदर्शन प्रदान करता है। कोर्स की समाप्ति और दिल्ली में आयोजित होने वाले नियोजन शिविर के बीच के अंतराल में छात्रों को द हिंदू, आउटलुक मैगज़ीन और द न्यू इंडियन एक्सप्रेस में भेजा गया। वहां इन विद्यार्थियों ने मुख्यधारा के राष्ट्रीय मीडिया में कामकाजी पत्रकारों के साथ काम किया और उन्हें अपने लेखों, ख़बरों या खुद संपादित की गई खबरें प्रकाशित करने का मौका मिला। यह अनुभव छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ाने में काफी सहायक सिद्ध हुआ है। साक्षात्कारों के दौरान यह स्पष्ट रूप से जाहिर होता है कि प्रतिष्ठित अख़बारों में काम करने और लेख छपने का उनके आत्मविश्वास पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। दरअसल भारतीय जन संचार संस्थान कोट्टयम में पत्रकारिता कार्यक्रम की सफलता का श्रेय मज़बूत व्यावहारिक दृष्टि तथा संचार के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों के साथ अंतर्संवाद को दिया जा सकता है।

पम्पाड़ी, कोट्टयम में नया परिसर:

कोट्टयम के पम्पाड़ी में वर्ष 2016-17 में संस्थान के नए परिसर के निर्माण का कार्य काफ़ी तेज़ गति से चल रहा है। 10 एकड़ में फैले इस मनोहारी और दर्शनीय परिसर का अब तक लगभग 55 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जल्दी ही संस्थान के क्षेत्रीय परिसर की स्थायी इमारत में स्थानांतरित होने की संभावना है।

विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम

भारतीय जन संचार संस्थान गुट निरपेक्ष एवं विकासशील देशों के संचार क्षेत्र में काम कर रहे पेशेवर कर्मियों और मिड कैरियर श्रमजीवी पत्रकारों के लिए वर्ष में दो बार विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम का संचालन करता है। इस पाठ्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (आईटेक) तथा विशेष राष्ट्रमंडल अफ़्रीकी सहायता योजना (स्काप) कार्यक्रमों के अंतर्गत किया जाता है।

चार महीने की अवधि के इस पाठ्यक्रम का आयोजन वर्ष में दो बार जनवरी से अप्रैल तथा पुनः अगस्त से नवंबर (दिसंबर) तक किया जाता है। वर्ष 2016-17 के दौरान 45 विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक पूरा किया। संस्थान के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से अब तक 127 देशों के 1524 पत्रकार लाभान्वित हुए हैं।

भारतीय जन संचार संस्थान के विकास पत्रकारिता में डिप्लोमा कोर्स की मांग काफ़ी ज़्यादा है। अफ़्रीका, एशिया, पूर्वी यूरोप और लातिनी अमरीका के मिड कैरियर पत्रकारों के लिए काफ़ी मददगार है। इस कोर्स में एक सत्र में 25 सीट होती हैं। विकास पत्रकारिता कार्यक्रम के प्रारूप को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह कार्यरत पत्रकारों और संचार कर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि करे। इससे उन्हें विकास और आर्थिक मुद्दों की रिपोर्टिंग करने में सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षमता हासिल होती है।

कोर्स का प्रारूप विकास की प्रक्रिया और संचार के साधनों के बीच मौजूद महत्वपूर्ण संबंध, उसकी महत्ता और जानकारियों के निरंतर प्रचार-प्रसार की ज़रुरत को उजागर करने के लिए व्यापक रूप से तैयार किया गया है। संस्थान के संकाय, प्रख्यात विद्वानों और मीडिया तथा विकास पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ कक्षा-व्याख्यानों के द्वारा छात्रों को इसकी अहमियत से परिचित कराते हैं।

वर्ष 2016-17 के दौरान, 1 अगस्त से 27 नवंबर, 2016 तक विकास पत्रकारिता में 66 वां डिप्लोमा पाठ्यक्रम 14 विभिन्न देशों से आए 22 पत्रकार छात्रों के साथ आयोजित किया गया। कोर्स का उद्घाटन आई आई एम सी के महानिदेशक श्री के जी सुरेश ने किया। उन्होंने छात्रों के साथ विस्तार से बातचीत भी की। विदाई समारोह का आयोजन 22 नवंबर, 2016 को हुआ जिसमें विदेश मामलों के राज्य मंत्री जनरल (डॉ) वी के सिंह (सेवानिवृत्त), माननीय मुख्य अतिथि थे।

विकास पत्रकारिता में 67वां डिप्लोमा पाठ्यक्रम 2 जनवरी से 30 अप्रैल, 2017 तक 19 विभिन्न देशों (दो नए देश लीबिया और मॉन्टेनीग्रो प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए) से आए 23 छात्रों के साथ आयोजित किया गया। कोर्स का उद्घाटन सूचना और प्रसारण मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू द्वारा 17 जनवरी, 2017 को पी आई बी, कॉन्फ्रेंस हॉल, शास्त्री भवन, नयी दिल्ली में किया गया।

अल्पकलीन पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और सम्मेलन

भारत और अन्य विकासशील देशों के संदर्भ में मीडिया और जन संचार से संबंधित विभिन्न मुद्दों को बेहतर समझने और विभिन्न संबंधित क्षेत्रों की उभरती हुई प्रवृत्तियों और तकनीकों के प्रति संबद्ध कर्मियों में जागरूकता बढ़ाने और उनके कौशल में वृद्धि करने के उद्देश्य से संस्थान, संचार से संबंधित विभिन्न विषयों पर विभिन्न प्रकार के अल्पकालिक पाठ्यक्रम, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों का आयोजन कर रहा है।

संस्थान सूचना और प्रसारण मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के कर्मियों के लिए नियमित अल्पकालिक शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है। विभिन्न राज्यों के रक्षा अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों; और केंद्र और राज्य सरकारों के विभिन्न मीडिया और प्रचार संस्थानों के कर्मियों की व्यावसायिक प्रशिक्षण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संस्थान द्वारा कई विशेष अल्पकालिक पाठ्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। और साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विभिन्न मीडिया और प्रचार संगठनों में काम करने वालों को भी इस कोर्स में प्रवेश दिया जाता है।

वर्ष 2016-17 के दौरान, संस्थान ने ऐसे सात पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा किया, इसमें रक्षा सेवा अधिकारियों के लिए पांच पाठ्यक्रम शामिल थे। इन पाठ्यक्रमों से कुल 163 अधिकारी/प्रशिक्षु लाभान्वित हुए, जिसमें जनरल रैंक के रक्षा सेवा

अधिकारी भी शामिल थे। वर्ष 2016-17 के दौरान आयोजित लघु पाठ्यक्रमों के विवरण की सूची, परिशिष्ट 'क' में शामिल की गई है। अपनी स्थापना के बाद से, संस्थान ने ऐसे कुल 688 पाठ्यक्रमों का आयोजन किया है। इस दौरान भारत और विदेश के 14,414 से अधिक कर्मी प्रशिक्षित किए हैं।

शोध संचार विभाग

वित्तीय वर्ष 2016-2017 के दौरान शोध गतिविधियां

संस्थान के संचार शोध विभाग (डीकोर) का पूरा ध्यान इस मूल बात पर केंद्रित है कि संचार माध्यमों का व्यवस्थित अध्ययन शैक्षणिक गतिविधियों का एक अहम अंग रहे। पत्रकारिता और जन संचार में शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित परंतु प्रमुख संस्थान होने के नाते इसकी अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। इस तरह के शोध और अध्ययन का मुख्य उद्देश्य विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जन संचार माध्यम व संचार कार्यक्रमों की पहुंच और प्रभाव को समझना और उनका विश्लेषण करना है।

डीकोर ने पिछले 50 वर्षों में संचार से जुड़े विषयों पर शोध के क्षेत्र में विभिन्न विषयों और विषय-वस्तुओं पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। इनमें स्वास्थ्य, चुनाव, बहुमाध्यम अभियान, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण, गैर पारंपरिक ऊर्जा, पर्यावरण, फिल्म सेंसरशिप, एचआईवी/एड्स, गांवों से शहरों में पलायन, पंचायती राज सशक्तीकरण जैसे 200 से अधिक शोध अध्ययन शामिल हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया इकाइयों द्वारा शुरू किए गए या चलाए जा रहे मीडिया अभियानों का मूल्यांकन करना डीकोर की शोध गतिविधियों का एक अभिन्न अंग है।

दरअसल डीकोर मीडिया उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ वक्ताओं, शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं की एक टीम के साथ मिलकर काम करती है। आपसी सहयोग के द्वारा यह टीम नए-नए विषयों पर शोध अध्ययन करने की पहल करती है। इसके अतिरिक्त यह टीम शैक्षणिक प्रस्तावों और अपनाए जाने वाले मानकों, प्रक्रियाओं तथा नीतियों का भी निर्धारण करती है।

1. परियोजनाएं और प्रशिक्षण कार्यशालाएं

क) राष्ट्रीय शोध परियोजनाएं

पंचायती राज संस्थानों के सशक्तीकरण के लिए एक संचार रणनीति तैयार करना

(पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार)

संस्थान ने मिशन संचालन योजना समीक्षा यानी एम ओ पी आर (मिशन ऑपरेशंस प्लानिंग रिव्यू-MoPR) पंचायती राज मंत्रालय के लिए संचार क्षेत्र में स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली रणनीति विकसित की है। इस अभियान में किस योजना में क्या कमी है और कहां कमी है, जैसी बातों की पहचान की गई है। इसमें उस विशेष क्षेत्र के लिए अपनाए जाने वाले कारगर संचार माध्यम का चयन, संचार संदेशों में समुचित बदलाव और विभिन्न स्तरों पर शीघ्रता से त्रुटि सुधार आदि जैसे मुद्दों पर ख़ास ध्यान दिया गया है।

संचार रणनीति का संपूर्ण ध्यान नॉलेज, एटिट्यूड एंड प्रैक्टिसिस यानी कैप (केएपी-KAP) को बढ़ावा देने के लिए एक व्यापक

योजना विकसित करना है। यह उस अभिकल्पना के अनुकूल है, जिसमें पंचायती राज संस्थान समेकित विकास के लिए उत्तरदायित्व को सक्षम करने और स्थापित करने के लिए विकेंद्रीकृत और सहभागिता वाले स्थानीय स्वशासन को प्राप्त करने की अवधारणा का लक्ष्य हासिल करने के लिए सभी सहभागी मिल कर प्रयास करते हैं।

राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों में संचार माध्यमों और संचार व्यवस्था परिस्थितियों में आ रही बाधाओं व रुकावटों तथा खासियतों की जांच और पहचान करने के लिए कार्यक्षेत्र में विशेष अध्ययन किया गया। हरियाणा के पटौदी ब्लॉक और जम्मू-कश्मीर के जम्मू और उधमपुर ज़िले में 'ग्राम उदय अभियान' के आयोजन की जांच करने के लिए अतिरिक्त अध्ययन किया गया।।

ख) राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रभावी पेयजल और स्वच्छता कार्यक्रम प्रबंधन के लिए न्यू मीडिया टूल का सहभागी संचार दृष्टिकोण और उपयोग

(पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधिबद्ध)

संचार में क्षमता निर्माण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रमुख संस्थान के नाते आई आई एम् सी ने पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय, भारत सरकार के लिए पंजाब, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा और उत्तराखंड के प्रतिभागियों के लिए तीन दिन की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया।

प्रशिक्षण में जिन मुद्दों पर ख़ास ध्यान दिया गया, वो थे:-

- पेयजल और स्वच्छता (डीडब्लूएस-DWS) कार्यक्रम की भागीदारी की निगरानी और मूल्यांकन
- संचार की गुणवत्ता में सुधार के लिए पारस्परिक संचार कौशल
- सामुदायिक जागृति और भागीदारी के लिए न्यू मीडिया और डिजिटल साधनों का इस्तेमाल।

पेयजल और स्वच्छता कार्यक्रम के प्रशिक्षुओं के लिए प्रशिक्षण सामग्री का विकास

इसमें शामिल है:-

- सामुदायिक रेडियो पर पुस्तिका का विकास
- मूल्यांकन और स्थिति विश्लेषण संचार की आवश्यकता
- समस्या कुंजी और हल कुंजी
- सहभागिता आधारित अनुसंधान दृष्टिकोण मॉड्यूल: कार्यक्षेत्र में इस्तेमाल तकनीकें
- डिजिटल मीडिया: परंपरागत आई ई सी पद्धतियों से परे।

ग) राष्ट्रीय परियोजनाएं (वर्तमान)

1. उपभोक्ता सशक्तीकरण और व्यवहार परिवर्तन : "जागो ग्राहक जागो" मीडिया अभियान के प्रभाव का आकलन

(उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निधिबद्ध)

शोध अध्ययन का उद्देश्य "जागो, ग्राहक जागो" संचार अभियान की प्रभावशीलता का आकलन करना है। उपभोक्ताओं में जागरूकता का स्तर बढ़ाने और अपने हकों की मांग करने के प्रति वो कितने सजग और प्रेरित हुए हैं तथा अपने लक्ष्य में अभियान ने कितनी सफलता हासिल की है, इसकी जांच और आकलन ऐसे अध्ययनों के मार्फ़त होती है। यह अध्ययन विभिन्न संचार माध्यमों पर चलाए गए इस अभियान से शिकायत निवारण प्रणाली को लेकर उपभोक्ताओं में जागरूकता पैदा होने, अभियान/ संदेश की प्रभावशीलता, उत्तरदाताओं के दृष्टिकोण/नीयत में बदलाव, इसका उपभोक्ताओं पर पड़ने वाला असर और प्रक्रियात्मक बाधाओं की जांच करता है। ये नतीजे इस वजह से महत्वपूर्ण हैं क्योंकि ये नए बाज़ार केंद्रों के रूप में उभर रहे उन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक होंगे, जिनके लिए मीडिया योजना और रणनीति का अगला चरण तैयार किया जाना है।

2. राष्ट्रीय संचार नीति का मसौदा तैयार करना

डीकोर एक ऐसे राष्ट्रीय संचार नीति पत्र का मसौदा तैयार करने का प्रयास कर रहा है जो संविधान के दायरे में रहते हुए एक व्यापक संचार नीति होने की कसौटी पर खरा उतरे। मसौदा नीति पत्र सरकार और मीडिया संचार के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने के लिए अन्य देशों में मौजूद नीतियों का विश्लेषण करेगा और भारत के लिए अनुकूलित प्रावधानों का प्रस्ताव देगा। संचार के क्षेत्र में तेज़ी से बदलते तकनीकी परिदृश्य के मद्देनज़र इस पर ख़ास ध्यान देना ही एक दूरगामी दृष्टिकोण वाली नीति बनाने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

3. संचार शोध के 50 वर्षों का संकलन

भारतीय जन संचार संस्थान के संचार शोध अनुसंधानों के पचास वर्षों (1965-2015) का संकलन डिजिटल प्रारूप में तैयार किया जा रहा है।

घ) विशेष कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और संगोष्ठियां

1. भारतीय जन संचार संस्थान ने 8-11 सितंबर, 2016 को दिल्ली में **विश्व मीडिया सम्मेलन** के आयोजन के लिए **ईस्ट वेस्ट सेंटर, हवाई, यूएसए** के साथ भागीदारी की। भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश उद्घाटन सत्र में वक्ता थे। संस्थान की प्रोफ़ेसर और डीकोर की सदस्य सुश्री डॉ. गीता बामजई, निम्नलिखित सत्रों में पैनलिस्ट थीं:-

- पत्रकारिता शिक्षा में रुझान और चुनौतियां
- भारत में भाषाई पत्रकारिता: नई मंजिलें और उभरती चुनौतियां

संगोष्ठी के दौरान भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा "भारत में भाषाई पत्रकारिता: नई मंजिलें और उभरती चुनौतियां" विषय पर एक सत्र आयोजित किया गया जिसमें अपर महानिदेशक श्री मंयक कुमार अग्रवाल, सह प्राध्यापक श्री शिवाजी सरकार, श्रीमती शाश्वती गोस्वामी, सहायक प्राध्यापक सुश्री रिंकु पेगु पैनलिस्ट के रूप में थीं। इस सत्र का संचालन डॉ. आनंद प्रधान ने किया।

2. 19-21 सितंबर, 2016 के बीच यूनिवर्सिटी ऑफ़ ऑक्सफोर्ड में "पब्लिक हेल्थ जर्नलिज़्म" पर प्रायोगिक कार्यशाला

भारतीय जन संचार संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश और प्रोफ़ेसर गीता बामजई ने 19 से 21 सितंबर, 2016 को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटेन में नागरिक स्वास्थ्य पत्रकारिता (पब्लिक हेल्थ जर्नलिज़्म) पर प्रायोगिक कार्यशाला में भाग लिया। उन्होंने भारत में पत्रकारिता के छात्रों और मध्य स्तर के पत्रकारों के लिए सामुदायिक सहायता और प्रायोजन कार्यक्रम (सीएएसपी-CASP) को तेज़ी प्रदान करने के तौर-तरीकों की रूपरेखा पर चर्चा की।

कार्यशाला का उद्देश्य था:

- सार्वजनिक स्वास्थ्य पत्रकारिता पर आधारित सीएएसपी पाठ्यक्रम को ठीक करना
- थॉमसन रॉयटर्स की मेंटरशिप रणनीति को भारतीय स्थितियों और परिवेश में ढाल कर लागू करना
- ऑनलाइन और ई-पाठ्यक्रम विकसित करना
- स्वास्थ्य पर मीडिया कवरेज की आकलन प्रणाली
- दीर्घावधि प्रभाव का पता लगाने और आकलन करने के लिए योजना तैयार करना

प्रस्तावित: सीएएसपी कार्यक्रम के तहत स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2017-19):

भारत में मध्य स्तर के पत्रकारों और पत्रकारिता के छात्रों के लिए सामुदायिक सहायता और प्रायोजन कार्यक्रम (सी ए एस पी) को शुरू करने का प्रस्ताव है। इस कोर्स में जिन क्षेत्रों पर ख़ास ध्यान रखा जाएगा, वो निम्नलिखित हैं :

1. विकास के मुद्दों पर आधारित ऐसा पाठ्यक्रम, जिसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य अहम विषय हो
2. समालोचनात्मक मूल्यांकन कौशल
3. अभ्यास-आधारित शोध पाठ्यक्रम
4. फ़ील्डवर्क एवं शोध निबंध

3. भारतीय जन संचार संस्थान की प्रोफेसर गीता बामजई ने यांगून में 25 और 26 अक्टूबर, 2016 को स्वान (SWAN) के आठवें वार्षिक सम्मेलन में हिस्सा लिया।

4. भारतीय जन संचार संस्थान ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम ओ ई एफ़ एंड सी सी) और बायोटेक कंसोर्टियम इंडिया लिमिटेड (बी सी आई एल) द्वारा 15 मार्च, 2017 को भारत में जैव सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली को मज़बूत करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूनाइटेड नेशंस एन्वायरनमेंट प्रोग्राम)-यूएनईपी/वैश्विक पर्यावरण सुविधा (ग्लोबल एनवायरमेंट फेसिलिटी)-जीईएफ़ द्वारा समर्थित फ़ेज़ II बायोसेफ़्टी क्षमता निर्माण परियोजना को कार्यान्वित करने हेतु आयोजित एक कार्यशाला में भाग लिया।

- भारतीय जन संचार संस्थान ने आयोजित की गई प्रदर्शनी में भी भाग लिया और **"कपैसिटी बिल्डिंग इन कम्युनिकेटिंग साइंस एंड बायोसेफ़्टी"** परियोजना पर हासिल हुए परिणाम पेश किए।

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम ओ ई एफ़ एंड सी सी) द्वारा कार्यान्वित यूएनईपी/जीईएफ़ द्वारा समर्थित फ़ेज़ II बायोसेफ़्टी क्षमता निर्माण परियोजना के तहत 7-8 अप्रैल, 2016 को "स्ट्रेंथनिंग द बायोसेफ़्टी कपैसिटी इन इंडिया एंड शेयरिंग ऑफ़ एक्स्पीरिएंसेज़ इन द रीजन" पर हुए क्षेत्रीय सम्मेलन में संस्थान की प्रोफ़ेसर गीता बामजई ने भाग लिया।

च) अंतर्राष्ट्रीय शोध कार्यक्रम (प्रस्तावित)

1. **दक्षिण एशिया क्षेत्र में मीडिया में महिलाओं पर क्षेत्रीय (दक्षिण एशिया) परियोजना: यूनेस्को-स्वान-आई आई एम सी (UNESCO-SWAN-IIMC)** की भारत, नेपाल, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालदीव, अफ़गानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और भूटान के परस्पर सहयोग से लागू की जाने वाली परियोजना।

प्रस्तावित परियोजना का लक्ष्य है:

- मीडिया में महिलाओं का चित्रण और उनसे जुड़े मुद्दों की जांच करना: अनुपस्थित, उपेक्षित या नकारात्मक प्रस्तुति
- नौकरी के अवसर, भूमिका और कार्यस्थल की परिस्थितियों के संदर्भ में मीडिया में काम करने वाली महिलाओं की स्थिति का जायज़ा लेना और आकलन करना
- मीडिया संगठनों और विज्ञापन एजेंसियों में महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता का आकलन करना
- मीडिया संगठनों में महिलाओं के प्रति तय की गई संवेदनशील नीति और उन दिशानिर्देशों के पालन में अंतर का आकलन करना
- सभी नौ सहभागी देशों में कार्यान्वयन के लिए महिला संवेदनशीलता मापदंड का एक मानक विकसित करना

छ) अन्य शैक्षणिक गतिविधियां

1. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के लिए आवश्यक कौशल क्षमता का प्रशिक्षण तथा मीडिया और मनोरंजन उद्योग से संबंधित पदों और नौकरियों से संबंधित कौशल क्षमता उपलब्ध कराना।

भारतीय जन संचार संस्थान फैकल्टी द्वारा अन्य अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी

इनके अलावा न्यू मीडिया और आई टी विभाग की प्रमुख डॉ अनुभूति यादव को कैलिफ़ोर्निया के सान मटेयो में अगस्त में एडमोडो द्वारा पैनल चर्चा में आमंत्रित किया गया। इस चर्चा में शिक्षकों में पेशेवर रवैया विकसित करने में अपनाए जाने वाले औपचारिक तथा अनौपचारिक तरीकों पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

डॉ. सुरभि दहिया ने 3 मई 2016 को हेलसिंकी, फिनलैंड में आयोजित संगोष्ठी में "भारतीय पत्रकारों की सुरक्षा" विषय पर विश्व प्रैस फ्रीडम डे के अवसर पर एक पत्र प्रस्तुत किया। डॉ. दहिया "जर्नलिज्म एजुकेशन" पर एक सत्र की अध्यक्षता भी की तथा लीसेस्टर, यूके में आयोजित "पत्रकारिता में नैतिक मुद्दों" पर एक पत्र भी प्रस्तुत किया।

स्नातकोत्तर डिप्लोमा/डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश

2016-17 के शैक्षणिक वर्ष के लिए निम्नलिखित स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया, मार्च 2016 में शुरू हुई। प्रमुख समाचारपत्रों में इसकी बाबत मार्च के महीने में ही विज्ञापनों का प्रकाशन किया गया। आवेदन प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 10 मई, 2016 थी। स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम इस प्रकार हैं:

1. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (हिंदी), दिल्ली
2. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), दिल्ली, ढेंकानाल, आइज़ोल, अमरावती, जम्मू और कोट्टयम
3. विज्ञापन और जन संपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
4. रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, दिल्ली
5. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (ओडिया), ढेंकानाल, ओडिशा
6. उर्दू पत्रकारिता में डिप्लोमा पाठ्यक्रम (बाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा स्तर तक उन्नत किया गया), दिल्ली

उपरोक्त स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षाओं में कुल 4733 आवेदन आए। इनमें से पाठ्यक्रम-वार 1945 ने पत्रकारिता (हिंदी) और (अंग्रेज़ी); 1229 ने रेडियो और टीवी पत्रकारिता; 1496 ने विज्ञापन एवं जन संचार पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन भेजे। उर्दू पत्रकारिता के लिए 12 और ओडिया कोर्स के लिए 51 आवेदन प्राप्त हुए।

उपरोक्त पाठ्यक्रमों (ओडिया पत्रकारिता के अलावा) के लिए अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षा 29 मई, 2016 को आयोजित की गई। यह प्रवेश परीक्षा पूरे देश में विभिन्न केंद्रों में आयोजित हुई - दिल्ली, अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, कोलकाता, गुवाहाटी, भुवनेश्वर, बंगलूरु, मुंबई, नागपुर, आइज़ोल, भोपाल, चेन्नई, जम्मू, कोच्चि, रायपुर, रांची और हैदराबाद। ओडिया पत्रकारिता स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा भुवनेश्वर में 30 मई, 2016 और उर्दू पत्रकारिता में डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा नई दिल्ली में 30 मई, 2016 को आयोजित की गई।

प्रवेश परीक्षा के बाद जून-जुलाई 2017 में साक्षात्कार और समूह चर्चाएं आयोजित हुई। सभी क्षेत्रीय केंद्रों समेत दिल्ली में प्रवेश प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हुई और 1 अगस्त, 2016 को नई दिल्ली और सभी क्षेत्रीय परिसरों में ओरिएंटेशन लेक्चर के साथ सत्र की शुरुआत हुई।

49वां वार्षिक दीक्षांत समारोह

वर्ष 2015-16 के शैक्षणिक सत्र के लिए सभी स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का दीक्षांत समारोह भारतीय जन संचार संस्थान परिसर में 15 सितम्बर, 2016 को आयोजित हुआ। इस 49वें वार्षिक दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि भारत के केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री एवं शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उन्मूलन श्री वेंकैया नायडू थे। श्री नायडू ने इस अवसर पर दीक्षांत भाषण दिया।

विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के कुल 341 छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किये गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कारों से नवाज़ा गया।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी छात्रों की सूची **परिशिष्ट "ख"** में संलग्न है।

प्लेसमेंट

भारतीय जनसंचार संस्थान ने 15 फ़रवरी से 27 फ़रवरी, 2016 के दौरान प्लेसमेंट पखवाड़े का आयोजन किया। इस कैंपस प्लेसमेंट में 71 कंपनियों ने हिस्सा लिया। कुल 245 विद्यार्थियों को नौकरियां हासिल हुईं। 19 छात्रों को भुगतान सहित इंटर्नशिप मिली जबकि 16 को केवल इंटर्नशिप मिली, चार छात्रों को परिसर के बाहर से नौकरियां मिलीं।

51वां वार्षिक दिवस समारोह

संस्थान ने अपना 51वां वार्षिक दिवस 17 अगस्त, 2016 को मनाया। यह भारतीय जन संचार संस्थान का 52वां स्थापना दिवस भी था। संस्थान के नई दिल्ली स्थित परिसर इस अवसर पर मैराथन दौड़, क्रिकेट मैच और म्यूज़िकल चेयर जैसी कई खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अलावा एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। यह स्टाफ के सदस्यों और छात्रों के साझा प्रयास की वजह से संभव हुआ। स्थापना दिवस के मौके पर वरिष्ठ टीवी पत्रकार श्री रजत शर्मा को विशेष तौर पर भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस समारोह में संस्थान के अध्यक्ष और सूचना और प्रसारण मंत्रालय सचिव श्री अजय मित्तल मुख्य अतिथि थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

भारतीय जन संचार संस्थान के दिल्ली परिसर में 15 अगस्त, 2016 को 70वां स्वतंत्रता दिवस काफी धूमधाम और उत्साह से मनाया गया। संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश ने इस अवसर पर तिरंगा फ़हराया और छात्रों को समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य बोध और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता और मन में इसको लेकर गहरी भावना बसाने की ज़रूरत पर बल दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए देशभक्ति से भरपूर फिल्म "द लीजेंड ऑफ़ भगत सिंह" का विशेष शो आयोजित किया गया। समारोह का एक मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम रहा। इसमें विद्यार्थियों ने देशभक्ति के गानों पर अपना ख़ास आयोजन पेश किया।

राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह

संस्थान ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस 12 जनवरी, 2017 समेत उसी दिन होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर एक ख़ास कार्यक्रम का आयोजन किया। भव्य पैमाने पर आयोजित यह कार्यक्रम संस्थान ने सैम (SAM) के साथ संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर फ्यूज़न बैंड द्वारा – 'एटरनल ब्लिस (Eternal Bliss)' का आयोजन किया गया। स्वामी विवेकानंद के

जीवन पर आधारित यह प्रस्तुति बैले शैली में थी। गायक और नृत्य निर्देशक श्रेय खन्ना इस आयोजन के माध्यम से जादू भरा समां बाँधने में पूरी तरह कामयाब रहे।

स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला की पुन:शुरुआत

भारतीय जन संचार संस्थान द्वारा इस साल स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला को फिर से शुरू करने के मद्देनज़र एक प्रमुख लेक्चर के लिए प्रोफेसर दया थुसू को आमंत्रित किया गया। प्रोफेसर थुसू इंटरनेशनल कम्युनिकेशन के प्रोफ़ेसर होने के अलावा लंदन की वेस्टमिनिस्टर यूनिवर्सिटी में शुरू हुए भारतीय मीडिया सेंटर के संस्थापक और सहनिदेशक भी हैं। 19 अगस्त, 2016 को आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोफेसर थुसू ने कम्युनिकेटिंग इंडियाज़ सॉफ़्ट पावर : बुद्धा टु बॉलिवुड' (Communicating India's Soft Power: Buddha to Bollywood) 'विषय पर अपना व्याख्यान पेश किया।

2 सितंबर, 2016 को एक ख़ास वार्ता का आयोजन किया गया। यह महिलाओं और बच्चों की साइबर सुरक्षा विषय पर थी। इसका आयोजन भारतीय जन संचार संस्थान ने इंडिया फाउंडेशन फॉर रूरल (स्टडीज़ इन्फोर्ड्स) के साथ मिल कर किया। अमरीका की साइबर कानून विशेषज्ञ वकील सुश्री पैरी आफ़ताब ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित किया। पैरी को हाल में तेजी से विकसित हो रहे इन्टरनेट कानून के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने के लिए ख्याति मिली है।

जानी-मानी लेखक और स्तंभकार पुष्पा गिरिमाजी को 18 नवंबर, 2016 को एक ख़ास व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया जिसका शीर्षक "मीडिया और उपभोक्ता मामले" था। पुष्पा गिरिमाजी ने अपने अभिभाषण के दौरान छात्रों को उपभोक्ता मामलों के विभिन्न आयामों और क्षेत्रों से जुड़ी पत्रकारिता में आने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने व्याख्यान के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र में अपने तीन दशकों की लम्बी यात्रा के अनुभव भी साझा किये।

स्वर्ण जयंती व्याख्यान की इसी कड़ी में 9 दिसंबर, 2016 को वरिष्ठ पत्रकार और राज्यसभा सांसद श्री स्वप्न दासगुप्ता ने "भारतीय मीडिया की वर्तमान स्थिति'' पर व्याख्यान दिया।

13 दिसंबर, 2016 को बैंकाक की चुलालांगकॉर्न यूनिवर्सिटी के डॉ. कलिंगा सेनेविरत्ने ने भारतीय जन संचार संस्थान का दौरा किया। उन्होंने पत्रकारिता की शिक्षा में पनप रहे नए बौद्ध दृष्टिकोण पर आयोजित एक अंतर्संवाद सत्र में संस्थान के अधिकारियों, अध्यापकों, विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं के साथ एक विचारपूर्ण और बौद्धिक संवाद स्थापित किया। डॉक्टर सेनेविरत्ने ने विकास पत्रकारिता के छात्रों के लिए 14 मार्च, 2017 को आधे दिन की एक कार्यशाला का भी आयोजन किया।

जाने-माने सूफ़ी विद्वान् हज़रात सय्यद बाबर अशरफ़ ने स्वर्ण जयंती व्याख्यान श्रृंखला में शिरकत करते हुए संस्थान में 16 जनवरी, 2017 को सूफ़ीवाद पर एक व्याख्यान दिया।

शैक्षिक जुगलबंदी

भारतीय जन संचार संस्थान ने डॉक्टर ए. पी. जे. अब्दुल कलाम स्टडी सर्किल के साथ मिल कर 10 फ़रवरी, 2017 को ‘"शैक्षिक जुगलबंदी"’ का आयोजन किया। इस ख़ास सत्र का संचालन संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश ने किया। इस सत्र के

दौरान विशेष तौर पर आमंत्रित किये गए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रोफ़ेसर चिंतामणि महापात्रा और लेखक व पत्रकार श्री श्याम भाटिया ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए।

17 फरवरी, 2017 को संस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम में जानी-मानी फिल्म पत्रकार, लेखक और इतिहासकार सुश्री भावना सोमाया ने विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ अंतर्संवाद किया।

1 मार्च, 2017 को संस्थान में भारतीय मूल के विख्यात अमरीकी लेखक, पत्रकार और कथाकार श्री अमान अली ने एक विशेष लेक्चर दिया।

8 मार्च, 2017 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ''कहानी'' फिल्म की लेखिका सुश्री अद्वैता काला ने एक विशेष लेक्चर दिया। कॉलमनिस्ट सुश्री काला लेखिका के तौर पर कई पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं।

पहला राष्ट्रीय प्रेस दिवस भाषण

भारतीय जन संचार संस्थान ने अपने दिल्ली स्थित परिसर में पहली बार राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर भाषण का आयोजन किया। 15 नवंबर, 2016 को आयोजित हुए इस समारोह में वरिष्ठ पत्रकार और इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष श्री राम बहादुर राय ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

अन्य प्रमुख गतिविधियां

बांग्लादेश सिनेमा और टेलीविजन इंस्टीट्यूट (BCTI) के दल द्वारा जन संस्थान का दौरा: बांग्लादेश सिनेमा और टेलीविज़न इंस्टीट्यूट के एक दल ने 24 जून 2016 को दिल्ली के भारतीय जन संचार संस्थान का दौरा किया। 17 छात्रों के इस दल की अगुवाई इंस्टीट्यूट से जुड़े श्री एम. हामिद कर रहे थे। उनके साथ इस दल में श्री ज़ाकिर हुसैन वाइस-चेयरमैन, बांग्लादेश फ़िल्म सेंसर बोर्ड व संयुक्त सचिव, सूचना मंत्रालय, बांग्लादेश सरकार और सुश्री उम्मल ख़ैर फ़ातिमा, सहायक निदेशक, बीसीटीआई भी शामिल थे।

विमेन फ़ीचर सर्विसेज़ के साथ संयुक्त रूप से चित्र प्रदर्शनी का आयोजन: भारतीय जन संचार संस्थान ने अपने परिसर में विमेन फ़ीचर सर्विस और गर्ल काउंट के सहयोग से 26 अगस्त, 2016 को 'ईच क्लिक काउंट्स' नामक एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया। महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर आधारित इस फोटो प्रदर्शनी में भारत में लड़कियों की महत्ता पर ख़ास जोर दिया गया। इसका आयोजन लिंग अनुपात की गिरती दर और लिंग आधारित भेदभाव के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया था।

शिक्षक दिवस समारोह: 5 सितंबर, 2016 को शिक्षक दिवस के मौके पर एक ख़ास कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जन संचार क्षेत्र से जुड़े रहे दिग्गज वरिष्ठतम प्रोफ़ेसर श्री एन. एन. पिल्लई मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित थे। उन्होंने अपने जीवन में एक अध्यापक के तौर पर रहे अनुभवों को संस्थान के विद्यार्थियों के साथ बांटा। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। इसमें छात्रों ने अपनी-अपनी प्रतिभाओं और क्षमताओं के कुछ उदाहरण पेश किये।

फोटोग्राफी प्रतियोगिता: 30 सितंबर, 2016 को ''स्ट्रीट लाइफ'' विषय पर एक फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम चार स्थानों पर रहने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेताओं का चयन दो सदस्यीय पैनल ने किया। इनमें से एक संस्थान के सदस्य थे जबकि दूसरे बाहरी निर्णायक थे।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित स्किट प्रतियोगिता में भारतीय जन संचार संस्थान की टीम को द्वितीय पुरस्कार: भारतीय जन संचार संस्थान के प्रतिभाशाली छात्रों की एक टीम ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन द्वारा आयोजित एक स्किट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसका आयोजन इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने ''सतर्कता सप्ताह'' समारोह के दौरान किया था। भारतीय जन संचार संस्थान की स्किट टीम ने 25 अक्तूबर, 2016 को आयोजित इस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करके संस्थान का नाम रोशन किया। पुरस्कार में ट्रॉफ़ी के अलावा उन्हें 50 हज़ार रुपये का नकद पुरस्कार भी हासिल हुआ।

अमरीका की रटगर्ज़ यूनिवर्सिटी के छात्रों और अध्यापकों द्वारा संस्थान का दौरा: अमरीका की न्यू जर्सी की रटगर्ज़ यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर जिल कैपुज्जो के नेतृत्व में 14 मार्च, 2017 को छात्रों और अध्यापकों के एक दल ने भारतीय जन संचार संस्थान के दिल्ली स्थित कैंपस का एक शैक्षणिक दौरा किया। इन लोगों ने संस्थान के विद्यार्थियों और अध्यापकों के साथ अपने कोर्स की रिसर्च से संबंधित विषयों पर अंतर्संवाद किया। यह विदेशी विद्यार्थी अपने विश्वविद्यालय में भारत से जुड़े एक कोर्स की रिसर्च के सिलसिले में यहाँ आए थे। इनका पाठ्यक्रम ''भारत का इतिहास, संस्कृति और जन संचार'' पर आधारित है, जिसमें प्रोजेक्ट के सिलसिले में भारत की यात्रा और यहाँ आ कर इन बातों पर रिसर्च करना पाठ्यक्रम का अनिवार्य हिस्सा है। ।

स्पिक मैके के साथ सह आयोजन: भारतीय जन संचार संस्थान ने स्पिक मैके के साथ मिल कर दिल्ली परिसर में 17 मार्च, 2017 को मल्हार घराने के सितारवादक जोश फ़ेनबर्ग के एक कॉन्सर्ट का आयोजन किया।

राजभाषा का प्रयोग

भारत सरकार की राजभाषा नीति के तहत इस वर्ष के दौरान संस्थान के कामकाज में हिन्दी के ज्यादा से ज्यादा प्रयोग पर बल देने पर ख़ास ध्यान दिया गया। हिंदी के इस्तेमाल में लगातार बढ़ोतरी के प्रयास किए गए। संस्थान के कर्मचारियों को ज़रूरी प्रशिक्षण और प्रोत्साहन प्रदान करने पर ज़ोर दिया गया। अपने दैनिक सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को और अधिक बढ़ाने और राजभाषा हिन्दी में काम करने की झिझक को दूर करने के लिए संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्थान में 1 से 15 सितम्बर, 2016 तक "हिन्दी पखवाड़ा" मनाया गया । इस दौरान विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें संकाय के सदस्यों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। संस्थान के ढेंकानाल क्षेत्रीय केन्द्र में 1-7 सितम्बर, 2016 तक "हिन्दी सप्ताह" मनाया गया। संस्थान के अन्य क्षेत्रीय केन्द्रों यानी अमरावती, आईज़ोल, जम्मू और कोट्टायम क्षेत्रीय केन्द्रों में 14 सितम्बर, 2016 को "हिन्दी दिवस" मनाया गया।

बुनियादी सुविधाओं, सहायता और सेवाओं का सुदृढ़ विस्तार

संस्थान अपने विद्यार्थियों को पर्याप्त और उपयुक्त बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है ताकि यहाँ के

विद्यार्थी इस क्षेत्र में सामने आ रही नई-नई चुनौतियों का पूरे आत्मविश्वास के साथ सामना करने में सक्षम बनें। सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति के क्षेत्र में तेज़ी से हो रहे बदलावों के कारण बुनियादी ढाँचे में निरंतर सुधार करने और उसे सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। इन विभिन्न आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं का उपयोग शिक्षण कार्य को अपेक्षित रूप से प्रभावी बनाता है। इसी बात को ध्यान में रख कर मौजूदा इमारतों में अतिरिक्त मंज़िलों का निर्माण किये जाने का भी ध्यान रखा जा रहा है ताकि संस्थान भविष्य में छात्रों की बढ़ती संख्या और अतिरिक्त सुविधाओं के अनुकूल बन सके।

शिक्षण के उपकरण/सुविधाएं

मीडिया, जन संचार और पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने और शोध की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थानों में से एक होने की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप भारतीय जन संचार संस्थान के पास अच्छी और पर्याप्त सुविधाएं हैं। संचार प्रशिक्षण के दौरान कक्षाओं तथा व्यावहारिक अभ्यासों में इन सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाता है, तथा इनका लगातार उन्नयन किया जाता है।

भूमंडलीय नेटवर्क आवाज़, वीडियो और डाटा के एकीकृत मंच की ओर अग्रसर है। सूचना और संचार के क्षेत्र में तेज़ी से बदल रही प्रौद्योगिकी के विकास के साथ तालमेल बनाये रखने और शिक्षा तथा शोध के विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग के लिए संस्थान के पास इंटरनेट सुविधा संपन्न आधुनिकतम कंप्यूटर हैं। ये उपकरण और कनेक्टिविटी सुविधा विद्यार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक समाचार संपादन, वेब पत्रकारिता, मल्टीमीडिया, डिज़ाइन, प्रकाशन और ग्राफ़िक्स में प्रशिक्षण देने में अत्यंत महत्व रखते हैं। आधुनिक डेस्कटॉप जैसे उपकरण विद्यार्थियों को मल्टीमीडिया, एनीमेशन, कंप्यूटर ग्राफ़िक्स, डेस्कटॉप प्रकाशन आदि में दिए जाने वाले प्रशिक्षण को आसान बनाते हैं।

सूचना प्रौद्योगिकी के साधन

वर्ष 2011-12 के दौरान, भारतीय जन संचार संस्थान को आधुनिकतम बहुगीगाबाइट वाले नेशनल नॉलेज नेटवर्क (NKN) से जोड़ा गया। इस नेटवर्क को देशभर की सभी ज्ञान संबंधी संस्थाओं के उच्च गति वाले एकीकृत नेटवर्क के तौर पर विकसित किया गया है। राष्ट्रीय ज्ञान का हिस्सा होने की वजह से संस्थान को 1Gbps या उससे भी अधिक तेज गति की इंटरनेट सुविधा प्राप्त है। इस प्रकार के ज्ञान तंत्र का उद्देश्य देश में ऐसे उच्चस्तरीय संस्थान बनाना है जो आवश्यक शोध सुविधाओं और उत्कृष्ट स्तर के प्रशिक्षित पेशेवर पत्रकार मुहैया करवा सकें। तेज गति वाला नेशनल नॉलेज नेटवर्क विभिन्न परिवेशों और भौगोलिक विविधताओं से संबंध रखने वाले वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, संचारकों और विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण और उभरते हुए क्षेत्रों से संबंधित ज्ञान का प्रजनन और प्रसार करने में मदद करता है।

संस्थान के पास अपने विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने के लिए असीमित कॉन्फ़िगरेशन्स और सॉफ़्टवेयर सम्पन्न आधुनिक कम्प्यूटर और एन आई सी 2Mbps बैकअप वाले ब्रॉडबैंड इंटरनेट कनेक्शन भी हैं। ये सुविधाएं संस्थान के ब्रॉडबैंड को तीन विभिन्न कार्यशालाओं के ज़रिए प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में सहायक होती हैं। यह तीन हैं कंप्यूटर प्रयोगशाला, बहु माध्यम और डीटीपी कार्यशालाएं। यहाँ अलग-अलग समय पर अलग-अलग समूहों को प्रशिक्षित किया जाता है। संस्थान की

वेबसाइट पर इसके पाठ्यक्रमों और अन्य गतिविधियों की उपयोगी जानकारियां दी गई हैं। इन्हें www.iimc.gov.in पर देखा जा सकता है।

टीवी और विडियो प्रोडक्शन

इलेक्ट्रॉनिक पत्रकारिता के क्षेत्र में विद्यार्थियों और प्रशिक्षुओं को ज्ञान का मज़बूत और प्रभावी आधार देने के उद्देश्य से संस्थान ने एक आधुनिक प्रोड्क्शन स्टूडियो विकसित किया है जिसमें सिंक और स्पेशल ईफेक्ट्स सहित डिजिटल कैमरे हैं। इसके अलावा संपादन कंसोल भी हैं, जो आई मैक, एफ सी पी मैक प्रो डिजिटल वीडियो संपादन प्रणाली, डिजिटल ध्वनि संपादन और ऑनलाइन डिजिटल वीडियो संपादन सुविधाओं से युक्त है।

संस्थान ने आंशिक रूप से अपने टेप आधारित एनेलॉग यंत्रों को आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी में परिवर्तित किया है। इससे विद्यार्थियों को आजकल सभी टीवी चैनलों में इस्तेमाल होने वाले डिजिटल कैमरों और नॉन-लीनियर संपादन व्यवस्था का सीधा अनुभव प्राप्त हो रहा है।

संस्थान ने अपनी मौजूदा सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अपने नई दिल्ली परिसर में उपलब्ध नेटवर्क आधारित डिजिटल नॉन-लीनियर वीडियो संपादन व्यवस्था के लिए एफ सी पी मैक प्रो के वीडियो संपादन यंत्र हासिल किए हैं, जिनमें एकल, नॉन-लीनियर संपादन व्यवस्था और टेलीविजन और मुद्रित माध्यम के लिए उच्च कोटि की डिजिटल ग्राफ़िक व्यवस्था भी है। दृश्य-श्रव्य और मुद्रण के क्षेत्र में प्रशिक्षण को और अधिक मज़बूत करने के लिए संस्थान ने सहायक उपकरणों सहित नए डिजिटल कैमरे भी खरीदे हैं।

अमरावती और आईज़ोल, जम्मू और कोट्टायम क्षेत्रीय केन्द्रों के लिए भी सामान्य एवं वीडियो डिजिटल कैमरे, टेलीप्रोम्पटर और नॉन-लीनियर संपादन के लिए आई-मैक खरीदे गए हैं।

रेडियो

रेडियो प्रसारण के लिए संस्थान के पास अलग ध्वनि संपादन, एफ एम और वॉयस ओवर स्टूडियो हैं, जिनकी मदद से रेडियो और टेलीविजन प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इन विभिन्न आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं का उपयोग शिक्षण कार्य को अपेक्षित रूप से प्रभावी बनाता है। संस्थान के पास रेडियो खबर एकत्र करने के लिए व्यावसायिक टेप, डिजिटल रिकॉर्डर, माइक्रोफ़ोन और अन्य सहायक उपकरणों सहित आवश्यक सुविधाएं हैं। ध्वनि स्टूडियो में आवश्यकता के अनुरूप समग्र सुविधाएं हैं :-

- यामाहा 03डी फ़ुल ट्रैक कन्सोल रिकॉर्डर।
- स्टैंडबाय रिकॉर्डिंग के लिए सोनी 8 चैनल ऑडियो मिक्सर MXP290-।
- विशषज्ञेता सुविधाओं सहित एक छह चैनल वाला ऑन-एयर कंसोल।
- पोर्टेबल सोनी आईसी रिकॉर्डर्स जो एमपी-3 और डबल्यूएचवी ध्वनि प्रारूपों में सीधे रिकॉर्ड करते हैं।

- श्योर माइक्रोफ़ोन 58 एसएम।
- कार्यक्रम निर्माण के लिए संपादन और रिकॉर्डिंग सुविधाओं सहित एडोबे ऑडिशन सॉफ़्टवेयर इकाइयां।
- प्रसारण के लिए एक मिनिडिस्क प्लेयर, सीडी प्लेयर, केसेट प्लेयर सहित मल्टीट्रैक टैसकैम (TASCAM)।
- विशेष प्रसारण उपकरण।

संस्थान अपने विद्यार्थियों को पर्याप्त और उपयुक्त बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है ताकि यहाँ के विद्यार्थी इस क्षेत्र की उभरती हुई चुनौतियों का विश्वास के साथ सामना करने में सक्षम हो सकें।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन (अपना रेडियो) 96.9 मेगाहर्ट्ज़ एफ़एम

वर्ष 2005 से भारतीय जन संचार संस्थान का सामुदायिक रेडियो "अपना रेडियो" कार्यरत है। गत तीन वर्षों से इस सामुदायिक रेडियो स्टेशन को पुनः ऊर्जावान बनाने के लिए पहल की गई है। गत वर्ष से प्रसारण प्रतिदिन चार घंटे से बढ़ाकर सात घंटे कर दिया गया है।

अगस्त, 2014 में अपना रेडियो ने एक दैनिक सीधा प्रसारण "अपने आस-पास" शुरू किया और धीरे-धीरे इसकी अवधि बढ़ाकर 60 मिनट कर दी गयी। यह कार्यक्रम अब अपना रेडियो का महत्वपूर्ण कार्यक्रम बन गया है। इस कार्यक्रम में दिन के निर्धारित विषय पर चर्चा की जाती है और विशेषज्ञों को स्टूडियो में या फ़ोन पर इन कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया जाता है ताकि श्रोता भाग ले सकें और उनसे सीधे बात कर सकें।

टीन टॉक सीज़न: 2016 में जवानी की दहलीज़ पर कदम रख रहे बच्चों की समस्याओं पर आधारित श्रृंखला "टीन टॉक सीज़न-1" की सफलता से प्रेरित होकर 2017 में "टीन टॉक सीज़न-2" भी प्रसारित किया गया। यह कार्यक्रम सामुदायिक सहभागिता और योगदान का एक बेहतरीन उदाहरण बनकर सामने आया।

कम्युनिटी रेडियो सशक्तिकरण तथा संसाधन केंद्र

मार्च, 2017 से भारतीय जन संचार संस्थान के नई दिल्ली स्थित परिसर में एक सामुदायिक रेडियो सशक्तिकरण और संसाधन केंद्र कार्यरत है। सामुदायिक रेडियो स्टेशनों की स्थापना करने, उन्हें शुरू करने और उनके प्रबंधन से जुड़े प्रशिक्षण को देने के उद्देश्य से इस केंद्र की स्थापना की गई है। सामुदायिक रेडियो से ताल्लुक रखने वाली विभिन्न पेशेवर, व्यावहारिक और शोध गतिविधियों की वजह से यह व्यस्तता, गहमागहमी और चहल-पहल का केंद्र बना रहता है। सामुदायिक रेडियो के नौ स्टेशनों के स्वयंसेवकों के लिए पहला प्रशिक्षण प्रोग्राम मार्च, 2017 में संपन्न हुआ।

दक्षिण दिल्ली विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से, घरेलू नौकरों, बाल मजदूरी, घरेलू हिंसा के शिकार और वरिष्ठ नागरिक आदि के लाभ के लिए फ़ोन-इन कार्यक्रम/साक्षात्कार प्रसारित किये गए। इसी प्रकार क्षेत्र के कुछ स्कूलों, विशेषज्ञों और रेजिडेंट वेलफ़ेयर एसोसिएशनों को भी विभिन्न समाजिक मुद्दों में भागीदारी से जोड़ा गया है। "अपनी चौपाल" और "अपनी बस्ती" जैसे कार्यक्रमों से शहरी गाँवों और झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इन कार्यक्रमों की वजह

से क्षेत्र के लोगों का प्राधिकारियों से सीधा संपर्क और संवाद कायम हुआ।

अपना रेडियो ने दक्षिण दिल्ली नगर निगम के मेयर और कई निगम पार्षदों से दक्षिण दिल्ली के विभिन्न नगर- पालिका क्षेत्रों की नागरिक समस्याओं के बारे में बात की। इसी प्रकार विभिन्न सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी शामिल किया गया।

अपना रेडियो ने लोगों से संबंधित स्वास्थ्य विषयक मुद्दों पर एम्स, मैक्स अस्पताल, फ़ोर्टिस अस्पताल, बत्रा अस्पताल, बी एल के सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल के डॉक्टरों से बात की। अपना रेडियो ने समय-समय पर क्षेत्र के कुछ गैर सरकारी संगठनों जैसे चेतना, सोसाईटी फ़ॉर प्रमोशन ऑफ यूथ एंड मासिज़, कैन सपोर्ट, सीनियर सिटीज़न वेलफेयर एसोसिएशन, फोर्स, सेन्टर फ़ॉर साइंस एंड एन्वायरमेंट, हक, मुस्कान, दस्तकार और इंडस एक्शन की भागीदारी पर भी प्रकाश डाला है।

फ़ोटोग्राफी

दृश्य संचार की बढ़ती हुई प्रमुखता को ध्यान में रखते हुए और इस संबंध में उद्योग की जरूरतों को पूरा करने के लिए संस्थान ने अपने सभी पाठ्यक्रमों में फोटो पत्रकारिता पर मॉड्यूल शामिल किये हैं। इस क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए संस्थान के पास पूरी तरह से सुसज्जित डिजिटल फ़ोटो प्रयोगशाला के अलावा कई तरह के कैमरे हैं। इनमें पुराने विंटेज कैमरे से लेकर अति आधुनिक डिजिटल एस एल आर कैमरे शामिल हैं। सभी स्टूडियो और कक्षाएं भी प्रशिक्षण में सहायक विविध उपकरणों जैसे एलसीडी प्रोजेक्टर, ओवरहेड प्रोजेक्टर, टीवी मॉनिटर, एलसीडी स्क्रीन आदि से सुसज्जित हैं।

मुद्रणालय

संस्थान के पूर्णतः सुसज्जित और स्वचालित मुद्रणालय और ग्राफ़िक्स विंग विद्यार्थियों को मुद्रण तकनीक और डेस्कटॉप मुद्रण में प्रशिक्षण देने के अलावा ग्राफ़िक डिजाइन, ऑफ़सेट और सिल्क स्क्रीन मुद्रण की सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। मुद्रणालय में प्रसंस्करण और बाइंडिंग की सुविधाएं भी हैं। अखिल भारतीय प्रवेश परीक्षाओं तथा सत्र के अंत में होने वाली परीक्षाओं के सभी प्रश्नपत्र और जन संचार संस्थान के अधिकतर प्रकाशन इसी मुद्रणालय में छपते हैं।

सूचना स्रोत केन्द्र और प्रकाशन

सूचना संसाधन केंद्र संस्थान का पुस्तकालय देश में जन संचार का सबसे बड़ा और विशिष्ट पुस्तकालय है। इसमे जन संचार के विभिन्न पहलुओं और उससे जुड़े अन्य मुद्दों पर किताबें उपलब्ध हैं। इस पुस्तकालय में मुद्रित माध्यम, प्रसारण, विज्ञापन, संचार, संचार शोध, जनसंपर्क रेडियो और टेलीविजन, फिल्म, सूचना प्रौद्योगिकी और परंपरागत माध्यम जैसे संबद्ध विषयों पर 33,968 से अधिक पुस्तकें और सजिल्द पत्रिकाएं हैं।

पुस्तकालय द्वारा 82 से अधिक पत्र-पत्रिकाएं और 32 से अधिक प्रमुख समाचारपत्र खरीदे जाते हैं। पुस्तकालय अपने उपभोक्ताओं को समाचारपत्रों की कतरनों की सेवा भी उपलब्ध कराता है जिसमें समाचार का पूरा रिकॉर्ड तथा विभिन्न प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में जन संचार पर छपे प्रमुख लेख शामिल हैं।

पुस्तकालय पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है और इसने अपनी हाउसकीपिंग तथा सेवा प्रचालन को लिबसिस 7 (LIBSYS 7) नामक नवीनतम पुस्तकालय सॉफ़्टवेयर के माध्यम से स्वचालित कर लिया है। ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटेलॉग (ओपेक) तथा ऑनलाइन पत्रिकाएं भी अब विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए उपलब्ध हैं। पुस्तकालय नें विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों के लिए आधुनिक मल्टीमीडिया और संदर्भ अनुभाग भी विकसित किया है।

भारतीय जन संचार संस्थान की शोध प्रकाशन पत्रिकाएं

अंग्रेजी की शैक्षिक शोध पत्रिका "कम्युनिकेटर" (आईएसएसएन:0588-8093) को केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री एम. वेंकैया नायडू ने 17 जनवरी, 2017 को नए रूप और कलेवर में फिर से प्रस्तुत (रिलांच) किया। इसके अक्टूबर-दिसंबर, 2016 (अंक 51) और जनवरी-मार्च, 2017 (अंक 52) का प्रकाशन किया गया।

हिन्दी की शैक्षिक शोध पत्रिका ‘‘संचार माध्यम’’ (आईएसएसएन ISSN:2321-2608) के जनवरी से मार्च, 2017 अंक का भी नए कलेवर में प्रकाशन किया गया। यह इस पत्रिका का 29वां अंक था।

प्लान योजनाएं

संस्थान के स्तर को उन्नत करके अंतर्राष्ट्रीय स्तर का बनाने की योजना को ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया जिसके लिए 62.00 करोड़ रूपए की राशि का अनुमोदन किया गया, जिसमें सरकारी अनुदान सहायता सीमा 51.50 करोड़ है। योजना में भारतीय जन संचार संस्थान का उन्नयन अर्थात आईआईएमसी परिसर, नई दिल्ली, के वर्तमान मुख्य भवन के ऊपर अतिरिक्त तलों और आई आई एम सी, नई दिल्ली परिसर में व्याख्यान खंड का निर्माण, आईआईएमसी परिसर में रिक्त भूमि पर नये भवनों का निर्माण तथा आईआईएमसी परिसर ढेंकानाल में रिक्त भूमि पर नये भवनों का निर्माण तथा महाराष्ट्र, मिज़ोरम, केरल और जम्मू एवं कश्मीर राज्यों में संस्थान के नए चार क्षेत्रीय केन्द्रों की शुरुआत करना है।

नई दिल्ली परिसर में अतिरिक्त तलों के निर्माण का कार्य 2011 में पूरा हो चुका है। ढेंकानाल परिसर में नये भवनों के निर्माण का कार्य दिसम्बर 2014 में पूरा हुआ। नई दिल्ली परिसर में खाली प्लाट पर नए भवनों के निर्माण का काम विभिन्न नागरिक प्राधिकरणों द्वारा अनापत्ति न प्रदान करने के कारण अभी भी बकाया है। इस समय रिज प्रबन्धन बोर्ड एनसीटी दिल्ली से अनापत्ति की प्रतीक्षा की जा रही है।

अमरावती और आईज़ोल में दो नए क्षेत्रीय केन्द्र अगस्त, 2011 से काम कर रहे हैं। जबकि जम्मू और कोट्टायम में दो और क्षेत्रीय केन्द्र अगस्त, 2012 से काम कर रहे हैं। ये चारों नये क्षेत्रीय केन्द्र वर्तमान में संबंधित राज्य सरकारों/ विश्वविद्यालयों द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराये गए अस्थायी परिसर में स्थित हैं।

‘‘भारतीय जन संचार संस्थान के नये क्षेत्रीय केन्द्र खोलने’’ की योजना को 12वीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया जिसके लिए 94.00 करोड़ रुपये की राशि का अनुमोदन प्राप्त हुआ, जिसमें से सरकारी अनुदान 90.00 करोड़ का है। योजना में चार नये क्षेत्रीय केन्द्रों में स्थायी परिसरों के निर्माण शामिल हैं जिसके लिए भूमि संबंधित राज्य सरकारों द्वारा निःशु ल्क दी जाएगी।

मिज़ोरम केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने संस्थान को साढ़े आठ एकड़ ज़मीन निःशुल्क लीज़ पर दी है। आईज़ोल में नये भवनों के निर्माण के लिए भारतीय जन संचार संस्थान केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टेंडिग में प्रवेश कर चुका है। के.लो.नि.वि. ने मैसर्स त्रिवेणी कंसट्रक्शन लिमिटेड को उनका टेंडर राशि 17,99,68,473/- रुपये के आधार पर ठेका दे दिया और सितम्बर, 2015 के अंतिम सप्ताह में कार्य प्रारम्भ हुआ। मार्च, 2017 तक काम 80 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

भारतीय जन संचार संस्थान कोट्टायम में संस्थान का क्षेत्रीय केन्द्र खोलने के लिए केरल सरकार ने 10 एकड़ ज़मीन निशुल्क उपलब्ध कराई है। ताल्लुक कार्यालय, कोट्टायम ने आई.आई.एम.सी को भूमि का स्वामित्व हस्तांतरित करने के लिए पट्टा भी जारी कर दिया है। भारतीय जन संचार संस्थान डिपॉज़िट आधार पर कोट्टायम में भवनों के निर्माण के लिए केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के साथ मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग में प्रवेश कर चुका है। के.लो.नि.वि. ने मैसर्स एन जे थॉमस एंड कंपनी को उनकी टेंडर राशि 9,85,50,318 के आधार पर ठेका दे दिया है। इस ज़मीन पर निर्माण का काम 2016-17 में शुरू हुआ। मार्च, 2017 तक यहाँ भी 80 प्रतिशत काम पूरा होने का अनुमान रहा।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने भारतीय जन संचार संस्थान को जम्मू के केरन गांव के पास 2016 में 15 एकड़ निःशुल्क ज़मीन उप्लब्ध करायी है। निर्माण से पहले किये जाने वाले ज़मीनी सर्वे पूरे किये जा चुके हैं। भवन की इमारत के नक़्शे और ढाँचे के लिए तथा निर्माण सामग्रियों की सूची समेत अनुमानित लागत का अंदाजा देने के लिए सलाहकार भी नियुक्त किये जा चुके हैं। स्थायी भवन का निर्माण कार्य का ज़िम्मा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सी सी डबल्यू-ए आई आर (CCW-AIR) को निक्षेप कार्य के तौर पर सौंपा गया है। शुरुआती निर्माण में नाले को स्थानांतरित कर ज़मीन पाटना और परिसर की बाहरी दीवार बनाने का काम पूरा हो गया है। कुछ कानूनी अड़चन के कारण एक दिशा में निर्माण कार्य फिलहाल धीमी गति पर है। स्थायी परिसर के निर्माण का काम 2017 के अंत तक फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

महाराष्ट्र सरकार ने जन संचार संस्थान को अमरावती के पास बडनेरा में 15 एकड़ ज़मीन परिसर बनाने के लिए निःशुल्क प्रदान की है। जन संचार संस्थान ने प्रोजेक्ट रिपोर्ट, भवन निर्माण और अन्य सामग्री की सूची के लिए सलाहकार की नियुक्ति कर दी है। निर्माण से पहले किया जाने वाला इलाके के तलरूप और मिट्टी की जांच का काम जल्दी ही शुरू किया जाएगा।

मुंबई में स्थापित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र - एनिमेशन, विज़ुअल एफ़ेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स (एनसीओई-एवीजीसी यानी नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सेलेंस-एनिमेशन, विज़ुअल एफ़ेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स)

एनीमेशन, विज़ुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) में इस समय भारत विकास के शुरुआती दौर में है। इस क्षेत्र में विकास और बढ़ोतरी की संभावना को देखते हुए भारत सरकार ने जन संचार संस्थान के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप मे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र-एनिमेशन, विज़ुअल एफ़ेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स यानी एनसीओई-एवीजीसी (NCoE-AVGC) के गठन का निर्णय किया। इस क्षेत्र में विस्तार की अपार सम्भावना के साथ साथ रोज़गार का एक नया क्षेत्र और मौका भी उपलब्ध होते देख सरकार का यह एक दूरगामी सोच वाला फैसला है। भारतीय जन संचार संस्थान के हिस्से के रूप में यह केंद्र अंडर ग्रैजुएट, स्नात्कोत्तर और डॉक्टरेट स्तर के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा किफ़ायती दरों पर उपलब्ध कराएगा। केंद्र इन सभी विधाओं में अल्पकालीन पाठयक्रमों का आयोजन भी करेगा।

एनसीओई-एवीजीसी (NCoE-AVGC) सेंटर का निर्माण मुंबई में प्रस्तावित है। महाराष्ट्र के राज्य वित्तीय निगम द्वारा इसकी स्थापना पर दिए प्रस्ताव को 1 नवंबर, 2016 को स्वीकृति प्रदान की गयी। महाराष्ट्र सरकार ने इस प्रस्तावित केंद्र के लिए मुंबई की फ़िल्म सिटी में 20 एकड़ ज़मीन की पहचान का काम भी कर लिया है।

इस संस्थान में प्रतिवर्ष लगभग 1480 छात्रों को प्रवेश देने की योजना है। जिसमें 60 प्रतिशत सीटें अंडरग्रैजुएट पाठ्यक्रम के लिए होंगी। संस्थान का इरादा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए ख्याति हासिल कर चुके संस्थानों के अलावा इस उद्योग की दिग्गज कंपनियों के साथ भी गठबंधन करने का है।

लगभग सात साल में पूरी तरह सक्रिय होने वाली इस परियोजना की कुल अनुमानित लागत 167.70 करोड़ रुपए आएगी। चार वर्षों में ढांचागत निर्माण पूरा करने की प्रस्तावित स्कीम की लागत लगभग 102.70 करोड़ होने का अनुमान है। शुरूआती वर्षों में अन्य सभी खर्चों का ध्यान रखते हुए 65 करोड़ रुपए की अतिरिक्त व्यवस्था कुल लागत में जोड़ दी गयी है।

जन संचार संस्थान इस प्रस्तावित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र-एनिमेशन, विज़ुअल एफ़ेक्ट्स, गेमिंग एंड कॉमिक्स केंद्र के गठन की प्रक्रिया शुरू कर चुका है।

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत अभियान के तहत पहल करते हुए भारतीय जन संचार संस्थान ने अपने परिसर को स्वच्छ रखने का बीड़ा उठाया है। देश भर के सभी परिसरों में 2016-17 के दौरान स्वच्छता से जुड़ी गतिविधियां तथा अभियान चलाए गए। इनमें ना केवल परिसर बल्कि आसपास के इलाकों के स्थानीय नागरिकों को भी सड़क और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में अभियान चलाये गये। संस्थान ने अक्तूबर 2016 के दौरान पांच दिनों का एक विशेष अभियान भी सफलतापूर्वक संपन्न किया।

भारतीय जन संचार संस्थान के सामुदायिक रेडियो स्टेशन (96.9 एफ़एम) पर ख़ास रेडियो प्रोग्राम चलाए गए और कई मुद्दों पर संगोष्ठियाँ, चर्चाओं आदि का आयोजन हुआ। जिंगल रूपी विज्ञापन या छोटे सन्देश गीत भी चलाए गए। इनमें स्वच्छ समुदाय अभियान, कूड़ा प्रबंधन, नदियों की साफसफाई, निर्माण कार्यस्थलों पर पनपता कचरा, स्वच्छता अभियान में रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों की भूमिका, बायोमेडिकल कूड़ा प्रबंधन आदि जैसी कई महत्वपूर्ण समस्याओं को उठाया गया।

आम जनता और आसपास के इलाकों के नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए जानकारियां और संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम किये गए। इन कार्यक्रमों में कई विशेषज्ञों और मेहमानों को भी आमंत्रित किया गया।

स्वच्छता के इस अभियान की अगुवाई संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी. सुरेश ने की। उनके साथ अपर महानिदेशक, स्टाफ, संकाय के अध्यापकों और संस्थान के छात्रों ने भी इस पहल में पूरे उत्साह और समर्पण के साथ बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। परिसर के भीतर विभिन्न स्थानों पर कूड़ेदान लगाये गये और वृक्षारोपण अभियान चलाये गये। जन संचार संस्थान के संकाय के सदस्यों और स्टाफ़ ने परिसर को स्वस्थ रखने की शपथ ग्रहण की। इस दौरान कई पुरानी फ़ाइलों और इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट को नष्ट कर दिया गया। संस्थान के विभिन्न कार्यालयों की साफ़ सफ़ायी, बागबानी गतिविधियां और पुराने पड़े कूड़े कबाड़ को नष्ट करना इस अभियान का हिस्सा रहा।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2016 को संस्थान में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्घाटन संस्थान के महानिदेशक श्री के. जी.सुरेश ने किया। इस दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों और संस्थान के स्टाफ़ के लिए आयोजित एक योग सत्र में सभी ने भागीदारी की। इसके सफल आयोजन के बाद से संस्थान के स्टाफ़, संकाय, प्रशिक्षु अधिकारियों और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए नियमित अंतराल पर योग के सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। संस्थान ने इसके लिए अल्पकालिक योग शिक्षक की नियुक्ति भी की है।

वेलनेस सेंटर

संस्थान के दिल्ली परिसर में एक वेलनेस सेंटर कार्यरत है, जिसमें ऐलोपैथिक, आयुर्वेद और होम्योपैथी के डॉक्टर सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन उपलब्ध रहते हैं। इस केंद्र में एक मनोचिकित्सक भी समय-समय पर उपलब्ध है। संस्थान के सभी परिसरों में आपातकालीन मेडिकल सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। संस्थान के लिए उपलब्ध डॉक्टर समय-समय पर ढेंकानाल केंद्र जाकर भी रोगियों की जांच करते हैं।

भारतीय जन संचार संस्थान इमारतों का राष्ट्रीय प्रतीकों के नाम पर नामकरण

भारतीय संस्कृति, मूल्यों और राष्ट्रवाद की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शैक्षणिक, प्रशासनिक और हॉस्टल ब्लॉक्स का नाम बदल कर अब राष्ट्रीय प्रतीकों के नाम पर रखे गए हैं:-

1.	मुख्य मंच (ऑडिटोरियम)	: महात्मा गांधी मंच
2.	शैक्षणिक ब्लॉक	: चाणक्य ब्लॉक
3.	मिनी ऑडिटोरियम	: लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक मिनी ऑडिटोरियम
4.	छात्रावास-1	: रानी गायदिनल्यु महिला छात्रावास
5.	छात्रावास-2	: बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर छात्रावास
6.	ऑफ़िसर्स गेस्ट हाउस	: डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम गेस्ट हाउस
7.	कैन्टीन के समीप पार्क	: स्वामी विवेकानंद स्मारक शिला

एम्फ़िथिएटर का नाम मेघदूत रंगमंच रखा गया है।

नागरिक अधिकार-पत्र एवं लोक शिकायत निवारण तंत्र

नये नागरिक घोषणा पत्र को नये दिशा निर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है और संस्थान की वेबसाइट पर डाल दिया गया है। इस नागरिक घोषणा पत्र के अनुसार कोई भी नागरिक इस संस्थान से संबंधित किसी भी शिकायत को संस्थान में भेज सकता है और उस शिकायत का निवारण प्राप्त कर सकता है।

संस्थान के एक अधिकारी को जन शिकायत निवारण अधिकारी के तौर पर नियुक्त किया गया है। प्राप्त शिकायतों की जांच संस्थान द्वारा की जाएगी और संस्थान के सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर उनका निवारण किया जाएगा।

भारतीय जन संचार संस्थान के लोक शिकायत अधिकारी का पता हैः-

अपर महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान

अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली - 110067

भारतीय जन संचार संस्थान की किसी भी सेवा से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति या संस्थान की किसी भी कार्रवायी से पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत के निवारण के लिए इस अधिकारी को लिख सकता है। ऐसा हर व्यक्ति अपनी शिकायत पर की गई कार्रवायी के संबंध में, उसकी शिकायत प्राप्त होने के 30 दिन की अवधि के भीतर, सूचित किये जाने का हकदार है।

यदि कोई आम व्यक्ति या संस्थान का कर्मचारी अपनी शिकायत के संबंध में शिकायत निवारण अधिकारी से मिलने का इच्छुक हो तो वह किसी भी कार्य दिवस को सायं 3 से 4 बजे के बीच बिना किसी पूर्वानुमति के उक्त अधिकारी से मुलाकात कर सकता है।

आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत कार्यस्थल पर महिला के विरुद्ध यौन उत्पीड़न शिकायत निवारण तंत्र के हिस्से के रूप में संस्थान में एक आंतरिक शिकायत समिति गठित की गई है जिसके छह सदस्य हैं तथा एक संस्थान से बाहर की सदस्य हैं।

जागरूकता फैलाने के लिए उठाये गए कदम

- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
- इस मुद्दे पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- भारतीय जन संचार संस्थान के दिल्ली के परिसर में सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों और संस्थान के सभी परिसरों में 'शून्य सहनशीलता' के पोस्टर लगाये गये।

उपभोक्ता शिकायत समाधान प्रकोष्ठ

भारतीय जन संचार संस्थान में शिकायत समाधान व्यवस्था है।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

जहां तक सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के कार्यान्वयन का सवाल है, उसके लिए संस्थान के उप कुलसचिव को प्रमुख

सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संस्थान के विशष कार्य अधिकारी अपील अधिकारी हैं। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत संस्थान के महानिदेशक पारदर्शिता अधिकारी हैं।

आचार संहिता

पेशेवर मीडिया प्रशिक्षण में देश के बेहतरीन संस्थानों में से एक भारतीय जन संचार संस्थान में मीडिया क्षेत्र से जुड़े सभी पाठ्यक्रमों को सुचारू रूप से चलाने और समयबद्ध प्रबंधन के लिए अनुशासन और आचार-व्यवहार के मानकों का उच्चस्तरीय होना ज़रूरी है। इसीलिए संस्थान के विद्यार्थियों के लिए आचार संहिता और अनुशासनात्मक नीतियों का निर्धारण करने में इस बात का ख़ास ध्यान रखा गया है कि शैक्षणिक मामलों और व्यक्तिगत व्यवहार के सन्दर्भ में छात्रों को स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से पता हो कि उनसे किस तरह का आचरण अपेक्षित है। संस्थान के दिल्ली समेत सभी क्षेत्रीय केन्द्रों के सभी छात्रों पर यह आचार संहिता लागू होती है। किन्ही भी कार्यों या गतिविधियों का संस्थान के सदस्यों और अन्य छात्रों पर क्या असर पड़ता है, इस बात का ख़ास ध्यान दिया जाता है। आचार संहिता की विस्तृत जानकारी संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

अनुशासनात्मक समिति

संस्थान में छात्रों से संबंधित अनुशासनात्मक मामलों से निपटने हेतु अनुशासनात्मक समिति गठित की गई है।

परिशिष्ट "क"

1 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2017 के दौरान

लघु पाठ्यक्रम / कार्यशालाएं / संगोष्ठियों का आयोजन

क्रम संख्या	पाठ्यक्रम का नाम	तिथि	पाठ्यक्रम निदेशक	प्रतिभागियों की संख्या
1	अधिकारियों और स्टाफ नियुक्तियों/जन संपर्क/ प्रशिक्षकों के लिए मीडिया कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम	6 जून से 24 जून, 2016	प्रो. विजय परमार	15
2	जेसीओ और एनसीओ के लिए वीडियोग्राफी कोर्स	6 जून से 1 जुलाई, 2016	डॉ. आनंद प्रधान	15
3	कर्नाटक सरकार के सहायक निदेशकों, सूचना और जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ सहायक निदेशकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम	6 जून से 17 जून, 2016	डॉ. अनुभूति यादव	16
4	सीनियर ऑफिसर (ब्रिगे/कर्नल/समकक्ष) के लिए मीडिया कम्युनिकेशन कोर्स	19 से 30 सितंबर, 2016	प्रो. विजय परमार	13
5	मध्य स्तर के अधिकारियों (मेजर/लेफ्टिनेंट क./ समकक्ष) के लिए मीडिया कम्युनिकेशन कोर्स	9 से 20 जनवरी, 2017	प्रो. विजय परमार	16
6	एनडीआरएफ अधिकारियों के लिए जन संपर्क पाठ्यक्रम	16 से 20 जनवरी, 2017	डॉ. सुरभि दहिया	12
7	अधिकारियों और स्टाफ नियुक्तियां/जन संपर्क अधिकारियों के लिए मीडिया कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम	6 से 23 फ़रवरी, 2017	प्रो. विजय परमार	15
8	एनडीआरएफ अधिकारियों के लिए जन संपर्क पाठ्यक्रम	13 से 17 फरवरी, 2017	डॉ. सुरभि दहिया	13
9	वरिष्ठ अधिकारियों (मेजर जनरल और ऊपर) के लिए जन संचार कार्यशाला	6 से 10 मार्च, 2017	प्रो. विजय परमार	14
10	कन्या महाविद्यालय, जालंधर से जन संचार/पत्रकारिता के छात्र	8 से 10 मार्च, 2017	डॉ. सुरभि दहिया	25
11	असम सरकार के जनसंपर्क अधिकारियों के लिए विशेष पाठ्यक्रम	20 से 24 मार्च, 2017	डॉ. सुरभि दहिया	9

परिशिष्ट "ख"

भारतीय जनसंचार संस्थान

स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम पुरस्कार सूची 2015-16

1. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), नई दिल्ली

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री देविका शर्मा
2.	द हिंदू पुरस्कार	श्री मुकेश रावत
3.	डेक्कन हेरल्ड पुरस्कार	सुश्री मान्या सचदेवा

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), ढेंकानाल कैंपस

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री अराधना लमीचाने
2.	बाबा साहेब डॉ. बी आर अम्बेडकर पुरस्कार	श्री जॉय टिर्की
3.	नैल्को पुरस्कार	श्री ऋषिकेष मिश्रा

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), आईज़ोल कैंपस

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री शुभ्रा शालिनी

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), अमरावती कैंपस

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री स्पर्श मुद्गल

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), जम्मू कैंपस

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	श्री अभिषेक चतुर्वेदी

पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (अंग्रेज़ी), कोट्टायम कैंपस

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आईआईएमसी पुरस्कार	सुश्री नेवेदिता कुमारी सिंह

2. पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम (हिन्दी)

क्र. सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	पी टी आई पुरस्कार	श्री अंकित ओझा
2.	पं. बनारसी दास चतुर्वेदी पुरस्कार	सुश्री जया पाण्डेय
3.	आई आई एम सी पुरस्कार	श्री अविनाश द्विवेदी
4.	श्री अशोक जी पुरस्कार	श्री शंकर पंडित

3. रेडियो और टीवी पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आई आई एम सी पुरस्कार	सुश्री अश्रिता धर
2.	ज़ी टीवी पुरस्कार	सुश्री आर्या हरिकुमार
3.	टीवी टुडे पुरस्कार	श्री पारस
4.	सी एन एन पुरस्कार	सुश्री लिपि उपाध्याय
5.	ज़ी टीवी पुरस्कार	सुश्री अनीता साहू
6.	प्रसार भारती पुरस्कार	सुश्री स्नेहा दिपिका नैंसी बरजो
7.	बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर पुरस्कार	सुश्री नेहा चंद्रा

4. विज्ञापन तथा जन संपर्क में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	श्री अचिन गांगुली मेमोरियल पुरस्कार	सुश्री खुशबू एन. परमार
2.	आई एम सी पुरस्कार	श्री इशान मिश्रा
3.	श्री अनिल बसू मेमोरियल पुरस्कार	सुश्री एस काव्या
4.	पीआरएसआई पुरस्कार	श्री शुभम सौरव सिंह
5.	पीएसपीआरएफ़ पुरस्कार	सुश्री चंद्रेयी भट्टाचार्य

5. स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, ओडिया पत्रकारिता, ढेंकानाल कैंपस (ओडिशा)

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	विद्यार्थी का नाम
1.	आई एम सी पुरस्कार	श्री तरुण कुमार साहू
